




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 58 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 11 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### एक झटके में पूरा परिवार खत्म
### पत्नी व दो बच्चों को मौत के घाट उतारकर खुद फंदे पर झूला युवक

**बलिया** (एजेंसी)। बांसडीह कोतवाली के देवड़ीह गांव में रविवार की देर रात सनकी व्यक्ति ने पत्नी व दो बच्चे की धारदार हथियार से हत्या कर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसका शव बगीचे में फंदे पर लटका मिला। इसकी खबर लगते ही क्षेत्र में खलबली मच गई। मौके पर एसपी एस आनन्द, एएसपी डीपी तिवारी व क्षेत्राधिकारी एसएन वैश्य व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच घटना की जानकारी कर शव को पोस्मार्टम को भेजवाया।

देवडीह निवासी श्रवण राम (35) का पत्नी शशिकला देवी (35) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसी दौरान श्रवण राम धारदार हथियार से पत्नी व दो पुत्र सूर्या राव सात वर्ष व दूसरा मिठू चार माह की निर्मम तरीके से हत्या कर शव को बगीचे में फेंक वहीं पास के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर मृतक श्रवण की जेब से पुलिस को सुसाइड नोट मिला जिसमें उसके द्वारा इस पूरी घटना की जिम्मेदारी ली है। एसपी एस आनंद ने बताया कि शशिकला के भाई की सूचना पर मौके पर पहुंची पीआरबी के काफी खोजबीन के बाद पत्नी व दो बच्चे का शव बगीचे में मिला, किसी धारदार हथियार से हत्या की गई है, बगल के पेड़ पर फंदे पर मृतक श्रवण राम का शव मिला। उसके पॉकेट से मिले सुसाइट नोट में खुद हत्या की बात स्वीकारी है। पोस्मार्टम के लिए शव को भेजा गया है।

श्रवण राम व शशिकला के बीच आपसी विवाद न्यायालय में मुकदमा चला था। डेढ़ वर्ष पूर्व आपसी सुलहनामा से शशिकला पुनः ससुराल आकर परिवार जनों से अलग पति व बेटों के साथ रह रही थी। उसके बाद भी इन दोनों में विवाद होता रहता था।

### बीजेपी जिला अध्यक्ष की हत्या में शामिल चार नक्सली गिरफ्तार, चुनाव प्रचार के दौरान गई थी जान


**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने नारायणपुर में चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेता रतन दुबे की हत्या के मामले में रविवार को चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया। दुबे नारायणपुर में भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। पुलिस के मुताबिक दुबे की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले 5 नवंबर को भाजपा नेता की अज्ञात नक्सलियों ने हत्या कर दी थी, जब वह कौशलनार गांव में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे थे।

# आर्टिकल 370 अब इतिहास... सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अस्थायी प्रावधान था, अब बहस बेकार

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के आर्टिकल 370 खत्म करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसी के साथ अब आर्टिकल 370 और 35ए इतिहास में दफन हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की पीठ ने 3 अलग-अलग फैसलों में अपनी व्यवस्था दी है। कोर्ट के फैसले के बाद केन्द्र सरकार ने राहत की साँस ली है। कोर्ट ने माना कि राष्ट्रपति को आर्टिकल 370 हटाने का हक था और यह फैसला संवैधानिक तौर पर सही है। इसी के साथ कोर्ट ने जम्मू कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने और वहां जल्द से जल्द चुनाव करवाने का भी आदेश दिया है।

आर्टिकल 370 को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मोदी सरकार को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार के आर्टिकल 370 हटाने के निर्णय के खिलाफलगी याचिका पर निर्णय देते हुए केन्द्र सरकार के फैसले को सही बताया है। यानी सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को बरकरार रखा है। बता दें 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रभाव को खत्म कर दिया था। इसके साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था और दोनों को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया था। केंद्र के इस फैसले के खिलाफसुप्रीम कोर्ट में 23 अर्जियां दी गई थीं, सभी को सुनने के बाद सितंबर में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 370 हटने के 4 साल बाद सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया।




### मामले में किसने-किसने रखा अपना पक्ष

16 दिन में सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र और हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं- हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करते हुए सुना था। वकीलों ने इस प्रावधान को निरस्त करने के केंद्र के 5 अगस्त 2019 के फैसले की संवैधानिक वैधता, पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने वाले जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की वैधता, 20 जून 2018 को जम्मू कश्मीर में राज्यपाल शासन लगाए जाने, 19 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगाए जाने और 3 जुलाई 2019 को इसे विस्तारित किए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे थे।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले की बड़ी बातें

- राष्ट्रपति को आर्टिकल 370 हटाने का हक. आर्टिकल 370 हटाने का फैसला संवैधानिक तौर पर सही था।
- संविधान के सभी प्रावधान जम्मू कश्मीर पर लागू होते हैं। ये फैसला जम्मू कश्मीर के एकीकरण के लिए था।
- अनुच्छेद 370 हटाने में कोई दुर्भावना नहीं थी।
- जम्मू कश्मीर में जल्द चुनाव के लिए कदम उठाए जाएं। 30 सितंबर 2024 तक जम्मू कश्मीर में चुनाव हों।
- जम्मू कश्मीर में जल्द राज्य का दर्जा बहाल हो।
- आर्टिकल 370 एक अस्थाई प्रावधान था. जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। जम्मू कश्मीर के पास कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं थी।

**पांच अगस्त 2019 को कश्मीर से हटाया गया था अनुच्छेद 370**

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के शुरू होती ही 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म कर दिया था। साथ ही जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्ज समाप्त कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। केंद्र के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 23 अर्जियां दी गईं। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इस पर सुनवाई हुई और इसी साल सितंबर में शीर्ष कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज (11 दिसंबर 2023) अनुच्छेद 370 को खत्म हुए 4 साल, 4 महीने, 6 दिन बीत गए. तब कहीं जाकर सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया।

### सीजेआई ने क्या-क्या कहा

सीजेआई ने कहा, जम्मू-कश्मीर के संविधान में संप्रभुता का कोई जिक्र नहीं था। हालांकि, भारत के संविधान की प्रस्तावना में इसका उल्लेख मिलता है। भारतीय संविधान आने पर अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर पर लागू हुआ। सीजेआई ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की अधिसूचना देने की राष्ट्रपति की शक्ति जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के भंग होने के बाद भी बनी रहती है। अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने का अधिकार जम्मू-कश्मीर के एकीकरण के लिए है। राष्ट्रपति द्वारा 370 निरस्त करने का आदेश संविधानिक तौर पर वैध है। सीजेआई का मानना है कि अब प्रासंगिक नहीं है कि आर्टिकल 370 को निरस्त करने की घोषणा वैध थी या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही जम्मू-कश्मीर में लगाए गए राष्ट्रपति शासन की वैधता पर फैसला देने से इनकार किया, क्योंकि इसे याचिकाकर्ताओं ने विशेष रूप से चुनौती नहीं दी थी। सीजेआई ने कहा कि जब राष्ट्रपति शासन लागू होता है तो राज्यों में संघ की शक्तियों पर सीमाएं होती हैं। इसकी उद्घोषणा के तहत राज्य की ओर से केंद्र द्वारा लिया गया हर निर्णय कानूनी चुनौती के अधीन नहीं हो सकता। इससे अराजकता फैल सकती है।

### आरक्षण वाले विधेयक का होगा रास्ता साफ

हाल ही में केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में आरक्षण संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किया था। इसके तहत ओबीसी आरक्षण पर फैसला लिया गया है। इसके अलावा विधानसभा सीटों को भी विस्थापित कश्मीरी पंडितों और पीओके से आए विस्थापितों के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। इस तरह आर्टिकल 370 के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर के बाद अब सरकार इन बिलों को आगे बढ़ाएगी। खबर है कि इस बिल को होम मिनिस्टर अमित शाह आज राज्यसभा में पेश कर सकते हैं। गौरतलब है कि आर्टिकल 370 को लेकर 5 जजों की बेंच ने कुल तीन फैसले लिखे। इन फैसलों में भले ही अलग-अलग बात कही गई, लेकिन उनका निष्कर्ष एक ही है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर ने विलय के साथ ही अपनी संप्रभुता भारत को समर्पित कर दी थी। इस तरह उसकी कोई संप्रभुता नहीं रह गई। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के अलग संविधान को लेकर चीफजस्टिस ने कहा कि यह महज भारत के साथ उसके रिश्तों को परिभाषित करने के लिए ही था।

# खतरे में सरकार! 50 से 60 विधायक छोड़ सकते हैं कांग्रेस, कुमारस्वामी का चौंकाने वाला दावा

**कर्नाटक/हासन (एजेंसी)।** जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी के रविवार को एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। उनका कहना है कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार कभी भी गिर सकती है।



### इसलिए छोड़ेंगे पार्टी

कुमारस्वामी ने कहा कि केंद्र द्वारा शुरू की गई कानूनी परेशानियों से बचने के लिए सत्तारूढ़ कांग्रेस के एक प्रभावशाली मंत्री भाजपा में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मंत्री '50 से 60 विधायकों' के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए वह भाजपा के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं।

### सब कुछ ठीक नहीं

जेडीएस नेता ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस सरकार में सब कुछ ठीक नहीं है। उन्हें नहीं पता कि यह सरकार कब गिर जाएगी। एक मंत्री अपने खिलाफ दर्ज मामलों से बचने के लिए बेताब हैं।

### छोटे नेता नहीं

कुमारस्वामी ने कहा कि केंद्र ने उनके खिलाफ ऐसे मामले दर्ज किए हैं, जिनसे बच निकलने की कोई संभावना नहीं है। जब पत्रकारों ने नेता का नाम पूछा तो उन्होंने कहा कि छोटे नेताओं से ऐसे कदम की उम्मीद नहीं की जा सकती। केवल प्रभावशाली लोग ही ऐसा कर सकते हैं। जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक में किसी भी समय महाराष्ट्र जैसा कुछ हो सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए, कुछ भी हो सकता है।

# छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय 13 दिसंबर को लेंगे शपथ, पीएम नरेन्द्र मोदी सहित दिग्गज होंगे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा ने नए मुख्यमंत्री का ऐलान कर दिया है। आदिवासी समाज के दिग्गज नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बने हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के साथ राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के पास पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। अब सीएम साय के शपथ ग्रहण की तारीख भी तय हो गई है। छत्तीसगढ़ के नए सीएम विष्णुदेव साय 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण करेंगे।

बता दें बहुमत में आने के बाद भाजपा को मुख्यमंत्री चयन में पूरे एक सप्ताह का समय लग गया। रविवार को छत्तीसगढ़ के पर्यचेक्षकों अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल व दुष्यंत गौतम ने विधायक दल की बैठक ली। पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव व बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक दल की बैठक में सीएम के नाम पर विष्णुदेव साय का नाम सामने रखा। इस प्रस्ताव को विधायक दल ने स्वीकार किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के तौर पर विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा की गई।



13 दिसंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में दो डिप्टी सीएम भी शपथ ग्रहण करेंगे। छत्तीसगढ़ में उपमुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा शपथ लेंगे। वहीं पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह स्पीकर के होंगे। अरुण साव इससे पहले सांसद भी रह चुके हैं। वहीं विजय शर्मा ने कवर्धा से कांग्रेस के दिग्गज मंत्री मोहम्मद अकबर को हराकर पहली बार विधायक बने हैं। इनके अलावा 13 दिसंबर को संभावित मंत्री भी शपथ ले सकते हैं।

# भूपेश ने बदल दी राजनीति की चाल

श्रीकंचनपथ




राज्य के तीसरे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में राजनीति की चाल को बदल दिया है। भाजपा की नई सरकार उन सभी लूप-होल्स को पैक कर रही है जो इससे पहले उसने कभी नहीं किया। चुनाव से पहले किसानों और महिलाओं को साधने के साथ-साथ उसने आदिवासी और ओबीसी के फार्मूले पर भी काफी काम किया था। चुनाव जीतने के बाद भाजपा ने न केवल आदिवासी मुख्यमंत्री दिया बल्कि दो-दो उपमुख्यमंत्री देकर सरकार को डबल इंजन के बजाय पांच इंजन दे दिये। जशपुर जिले के कुनकुरी क्षेत्र से विधायक चुने गए साय चार बार सांसद, दो बार विधायक, केंद्रीय राज्य मंत्री और तीन बार प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें संगठन में काम करने का भी अच्छा खासा अनुभव है। सरकार को संतुलन देने के लिए अरुण साव और विजय शर्मा को उप-मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। बिलासपुर से सांसद रहे अरुण साव लोरमी से चुनकर आए हैं। वे सरकार के लिए पैनल एडवोकेट रहे हैं तथा 2018 तक छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करते रहे हैं। इस चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पार्टी का नेतृत्व किया। कवर्धा में अकबर को प्रचण्ड मतों से हराकर विधानसभा पहुंचे विजय शर्मा को भी उप-मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। तीन बार मुख्यमंत्री रहे डॉ रमन सिंह को विधानसभा का स्पीकर नियुक्त किया जा रहा है। इस तरह से नई सरकार में आदिवासी मुख्यमंत्री, ओबीसी और ब्राह्मण डिप्टी सीएम तथा ठाकुर विधानसभा अध्यक्ष होंगे। आदिवासी राष्ट्रपति देने के बाद आदिवासी मुख्यमंत्री देकर भाजपा ने सबका मुंह बंद कर दिया है। आदिवासी मुख्यमंत्री देने के साथ ही पार्टी ने प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष पद ओबीसी को देने का फैसला कर लिया है। विजय बघेल को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। 2018 में सरकार बनाने के तत्काल बाद भूपेश बघेल ने किसानों का कर्ज माफकर दिया था। नई सरकार ने 13 दिसम्बर को शपथ ग्रहण करने के बाद 25 दिसम्बर को किसानों के बकाया बोनस का भुगतान करने की घोषणा कर दी है। साथ ही 18 लाख पीएम आवास पर काम शुरू करने का भी ऐलान किया है। जैसा की चुनाव के दौरान ही स्पष्ट कर दिया गया था कि यहां सरकार मोदी की गारंटी पर बनेगी, उसे पूरा करने की भरसक कोशिश की जा रही है। छत्तीसगढ़ में जीत की पटकथा लिखने वाले भाजपा के चाणक्य अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहेंगे। भाजपा ने डबल इंजन सरकार की गारंटी करने के साथ-साथ इसे भी सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि सरकार खुशी में कहीं सो न जाए। दरअसल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुक्त भारत के फलसफे की राह का सबसे बड़ा रोड़ा था। छत्तीसगढ़ में शासन-प्रशासन चाहे जैसे-तैसे चल रहा था पर देश भर में यहां के कामकाज का डंका बज रहा था। इसलिए जातिगत जनगणना पर ढुलमुल चल रही भाजपा को भी अंततः जातीय समीकरण को नियुक्तियों के केन्द्र में रखना पड़ा।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....




LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

### चंद्रयान-चार की ओर

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की नई कामयाबी गौर करने लायक है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक वापस लाकर अपनी विरल क्षमता का परिचय दिया है। भारत के चंद्र अभियान की यह एक महत्वपूर्ण कड़ी है। पूरी सावधानी के साथ भारतीय वैज्ञानिकों ने अपने इस अभियान को आगे बढ़ाया है। वह प्रणोदन मॉड्यूल पृथ्वी की कक्षा में लौट आया है, जिसे शुरू में चंद्रयान-3 लैंडर को चंद्रमा तक ले जाने का काम सौंपा गया था। साधारण शब्दों में समझें, तो भारत अब किसी चीज को चांद पर भेजने और फिर उसे वापस लाने की क्षमता तक पहुंच गया है। ध्यान रहे, चंद्रयान-4 के समय चांद से मिट्टी का नमूना लाने की योजना है और इसके लिए जरूरी है कि चांद पर यान के उतरने की क्षमता के साथ, वहां नमूना लेने और फिर पृथ्वी पर लौटने की योग्यता भी अनिवार्य है। यह बात वैज्ञानिक भी मानते हैं कि चंद्रयान-4 भारत के लिए उतना आसान नहीं होगा। सबसे महत्वपूर्ण होगा, चांद से वापस लौटने के लिए वहां की सतह से लॉन्च होना। चांद पर यान किसी सामान्य विमान की तरह उतरते या उड़ते नहीं हैं, अत: वहां उतरने और फिर उड़ने की क्षमता महत्वपूर्ण है। चांद से उड़ने के बाद चांद की कक्षा में यान पहुंचता है और उसके बाद वह फिर एक तरह से लॉन्च होकर पृथ्वी की कक्षा में पहुंचता है। पृथ्वी की कक्षा से भी यान को लॉन्च होकर पृथ्वी पर उतरना होगा। इसके लिए यान से यान का अलग होना और फिर जुड़ने की क्षमता हासिल करना जरूरी है। इसरो के वैज्ञानिक इन तमाम प्रक्रियाओं में सफल उतरने के लिए दिलोजान से जुटे हैं। चंद्रयान-4 के तहत जिस विशेष यान को बनाने की तैयारी है, वह अगले साल के अंत तक तैयार हो जाएगा। चांद पर मानव को भेजने के अभियान में भारत को अभी समय लगेगा। हम अपने दम पर साल 2040 में ही चांद पर इंसान भेज पाएंगे। ध्यान रहे, भारत चांद पर पानी खोजने का एक अन्य अभियान जापान के साथ मिलकर भी चलाने वाला है। बहरहाल, यह कहना चाहिए कि भारत अंतरिक्ष अभियान के मामले में कुछ देरी से चल रहा है। हम अपना अंतरिक्ष केंद्र साल 2035 तक बना लेंगे, पर नासा ने 6 दिसंबर को अपने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के 25 साल पूरे कर लिए हैं। वह अपने अंतरिक्ष केंद्र की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। अनेक वैज्ञानिक नासा के उस अंतरिक्ष केंद्र पर रह रहे हैं और अगले साल के अंत में वहां एक भारतीय के भी कदम पड़ेंगे। नासा इसके लिए सहमत हो गया है और अंतरिक्ष केंद्र के लिए पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री का चयन इसरो को करना है। भारत के पहले और अकेले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा साल 1984 में सोवियत संघ के यान में बैठकर अंतरिक्ष गए थे, तब नासा का अंतरिक्ष केंद्र नहीं बना था। उसके चार साल बाद नासा का अंतरिक्ष केंद्र स्थापित हुआ। कुल मिलाकर, अंतरिक्ष विज्ञान में भारत को तेज कदमों के साथ आगे बढ़ना होगा। इसरो के आकर्षण को बढ़ाना होगा, ताकि भारतीय वैज्ञानिक नासा के बजाय इसरो में रहकर भारत की सेवा कर सकें। इस बीच यह भी प्रासंगिक है कि नासा में सेवारत डॉक्टर अक्षता कृष्णमूर्ति मंगल ग्रह पर रोवर मिशन की कमान संभालने वाली पहली भारतीय नागरिक बन गई हैं। इसरो को ऐसे ही अनेक कुशल वैज्ञानिकों की जरूरत है और भारतीयों का भविष्य उज्ज्वल है।

> पृथ्वी की कक्षा से भी यान को लॉन्च होकर पृथ्वी पर उतरना होगा। इसके लिए यान से यान का अलग होना और फिर जुड़ने की क्षमता हासिल करना जरूरी है। इसरो के वैज्ञानिक इन तमाम प्रक्रियाओं में सफल उतरने के लिए दिलोजान से जुटे हैं। चंद्रयान-4 के तहत जिस विशेष यान को बनाने की तैयारी है, वह अगले साल के अंत तक तैयार हो जाएगा।

## अमेरिका सचमुच गंभीर है

खालिस्तानी कार्यकर्ता गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की कथित कोशिश के मामले में अमेरिका भारत के प्रति कोई रियायत बरतने के मूड में नहीं दिखता। लगभग रोजमर्रा के स्तर पर वहां के सरकारी अधिकारी या प्रवक्ता ऐसे बयान दे रहे हैं, जिनका सार यह होता है कि अमेरिका इस मामले में दबाव बनाए हुए है। ताजा बयान अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर का है, जिन्होंने कहा है कि अमेरिका ने यह मसला सरकार के सबसे वरिष्ठ स्तरों पर उठाया है। मिलर ने यह भी साफ कर दिया कि अमेरिका ने पन्नूं के मामले को कनाडा में हुई खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले से जोड़ दिया है। मैथ्यू ने यह अमेरिकी रुख दोहराया कि उनके देश ने भारत से कनाडा की जांच में सहयोग करने का 'अनुरोध' किया है।

इस मामले में भारत में कराई जा रही जांच का स्वागत करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें इसके नतीजे का इंतजार रहेगा। मिलर ने भी इसका जिक्र किया और कहा- 'भारत ने इस मामले की जांच का सार्वजनिक एलान किया है। हम इसके नतीजों का इंतजार करेंगे, लेकिन यह एक ऐसा मामला है, जिसे हम बहुत गंभीरता से लेते हैँ।' इसी बीच ये खबर आई है कि अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर ए व्रे इस जांच की समीक्षा करने के लिए 11-12 दिसंबर को भारत की यात्रा करेंगे। इस दौरान मुलाकात एनआईए के प्रमुख दिनकर गुप्ता से होगी। इसके पहले इसी हफ्ते अमेरिका के प्रमुख उप राष्टीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर भारत आए। हालांकि उनकी यात्रा का घोषित मकसद महत्त्वपूर्ण एवं उभरती तकनीक के मामले में भारत-अमेरिका पहल की समीक्षा करना था, लेकिन अमेरिका ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस दौरान पन्नूं मामले को भी फाइनर ने उठाया। तो साफ है कि अमेरिका इस मामले की तह तक जाने को लेकर अडिग है। भारत सरकार भी इस मामले में अमेरिका को संभवत: वैसी चुनौती नहीं देना चाहती, जैसा उसने कनाडा के मामले किया था। ऐसे में अब सब कुछ जांच रिपोर्ट के निष्कर्ष पर निर्भर हो गया है।

## महुआ का मामला उलटा पड़ सकता है

भारतीय जनता पार्टी ने तृणमूल की महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता समाप्त करा दी। पहले उसके एक सांसद ने महुआ के पार्टनर रहे एक व्यक्ति की ओर से मुहैया कराए गए दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया कि महुआ ने पैस लेकर संसद में सवाल पूछे हैं। फिर उसी भाजपा सांसद ने स्पीकर से लेकर लोकपाल तक में महुआ की शिकायत की। फिर भाजपा सांसद की अध्यक्षता वाली एथिक्स कमेटी में भाजपा के सांसदों ने छह-चार के बहुमत से महुआ को लोकसभा से निष्कासित करने का प्रस्ताव मंजूर कराया। उसके बाद इस रिपोर्ट को लोकसभा में रखा गया, जिसे भाजपा के सांसदों ने पास किया और इस तरह से महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता समाप्त हो गई। महुआ पहली बार की लोकसभा सांसद थीं और महिला सशक्तिकरण के प्रतीक के तौर पर उभर रही थीं। अपने फायरब्रांड भाषणों की वजह उनको इंस्टेंट लोकप्रियता मिली थी। फासीवाद पर दिए अपने भाषण और अडानी के खिलाफ स्टैंड को लेकर वे चर्चा में रहीं। पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोपों के बाद भारत में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में उनको समर्थन मिला। बाद में उनकी पार्टी भी उनके पक्ष में खड़ी हुई और सदस्यता समाप्त होने से पहले ही उन्हें संगठन की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। अब पार्टी ने उनको लोकसभा चुनाव लड़ाने का ऐलान किया है। वे खुद कह रही हैं कि वे पहले से ज्यादा अंतर से जीतेंगी। सदस्यता खत्म होने के बाद उन्होंने इसे महिला को प्रताड़ित करने और उसे सजा देने का मुद्दा बनाया है। भाजपा भी महिल मतदाताओं को अपने साथ जोड़ने के अभियान में लगी है लेकिन ममता और महुआ मोइत्रा का मामला बांग्ला महिलाओं में अपील कर सकता है। इसलिए भाजपा को इस मामले में सोच-समझ कर आगे बढ़ना चाहिए।

> दक्षिण भारत में दूसरा सबसे बड़ा राजनीतिक दल है वाईएसआर कांग्रेस। आंध्र प्रदेश की कुल 25 लोकसभा सीटों पर इसके 22 सांसद चुने गए। क्षेत्रीय दलों में तीसरे पायदान पर है, तेलंगाना राष्ट्र समिति (बाद में भारत राष्ट्र समिति)। उसके तेलंगाना की कुल 17 लोकसभा सीटों में 9 सांसद हैं। चार दक्षिण भारतीय राज्यों में कांग्रेस के कुल मिलाकर 28 सांसद हैं और एक सीट संघ प्रशासित प्रदेश में जीती है।

# चुनावी हार के लिए उत्तर-दक्षिण सोच का बहाना

राजेश रामचंद्रन




यूं तो इन दिनों टेलीविजन पर आने वाली खबरें झेलना कष्टदायी है, लेकिन कोई-कोई वक्त ऐसा होता जब पेशेवराना मजबूरियों के चलते देखनी पड़ती हैं, विशेषकर चुनाव परिणामों के दिन, जैसा कि हाल ही में हुआ था। न्यूज एंकर, यहां तक कि उम्रदराज अनुभवी भी, किन्हीं विशेष किस्म के नतीजों पर फौरी विश्लेषण करने की बुरी आदत से उबर नहीं पाए, खासतौर पर जब यह उनकी पसंद के अनुरूप न हों। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधान सभाई चुनावों में कांग्रेस को मिली हार के पीछे कारणों को, तथ्यों की खोजबीन में अपनी ही सुविधा के अनुसार और सुस्ती की वजह से, उत्तर-दक्षिण भारतीय वोटरों की मानसिकता का प्रतिबिम्ब बताने लगे।

इसको कांग्रेस के सुस्त नेताओं ने लपक लिया, जिन्हें अपने सुप्रीमो राहुल गांधी को हार के पीछे वजह बताने को यह बना-बनाया और आसान बहाना मिल गया यानि नेक, उदार और समावेशी राजनीतिक विकल्प के प्रति उत्तर भारतीयों में जन्मजात पूर्वाग्रही मानसिकता दोषी है। यह कहकर भूगोल बोध की भी ऐसी-तैसी कर डाली। मध्य प्रदेश, जैसा कि नाम ही बताता है, और छत्तीसगढ़ भी, उत्तर भारत का हिस्सा न होकर मध्य भारत हैं। छत्तीसगढ़ तो समूचा हिंदी भाषी भी नहीं है। फिर क्या हुआ? चाहिए केवल इतना भर कि कोई तो बहाना हो ताकि नेतृत्व में रही कमी का सख्त विश्लेषण होने से बचा जा सके। डीएमके, जिसका एकमात्र तरीका पहचान आधारित राजनीति करना है और इसके लिए ब्राह्मण-बैरी, हिंदी-विरोधी और उत्तर भारतीयों से दुराग्रह का चोला ओढ़ रखा, उसने उक्त विश्लेषण का स्तर कुछ और नीचे गिराते हुए कह डाला कि भाजपा तो केवल 'गोमूत्र राज्यों' में जीत सकती है। केरल के मार्क्सवादियों में भी भाजपा और आरएसएस को 'गाय गोबर संघी' कहने का चलन है। परंतु संसद में खड़े होकर अधिकांश भारत पर गोमूत्र का ठप्पा लगाने से घटियापन का स्तर और नीचे गया है। खासतौर पर जब दक्षिण भारत में आज भी आयुर्वेद और सिद्ध चिकित्सा पद्धति में गोमूत्र का उपयोग जारी है।

इसलिए, सवाल है: क्या वाकई भारतीय मतदाताओं की पसंद-नापसंद तय करने में उत्तर-दक्षिण के मुताबिक भेदभाव विद्यमान है? इसके जबाव की शुरुआत सुनी-सुनाई पर आधारित न होकर चुनावी परिणामों के ठोस विश्लेषण से करनी पड़ेगी। राजनीतिक जीत का सबूत सदा से संसदीय चुनाव में प्राप्त की गयी सीटों से रहा है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजे तो यही बताते हैं कि भाजपा दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी है-किसी भी अन्य राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दल से बड़ी।

डीएमके, जिसने दक्षिण भारतीयों का प्रवक्ता होने की भूमिका अपना रखी है, उसके लोकसभा में 24 सांसद हैं। साल 2019 के आम चुनाव में डीएमके ने भले ही एकतरफा झाड़ू फेरा हो, लेकिन अन्य किसी दक्षिण भारतीय सूबे में एक भी सीट नहीं है, यहां तक कि पड़ोस के तमिलभाषी पुड्डुचेरी में भी। वास्तव में, डीएमके सूबे में बहुलता वाली जाति का दल है और इसने जो द्रविड़वादी मुखौटा पहन रखा है वह एक सदी पहले ब्रिटिश हितैषी जस्टिस पार्टी ने थमाया था। इस पार्टी में द्रविड़वाद या समूचे दक्षिण भारत का प्रतिनिधित्व करने जैसा कुछ नहीं है।

दक्षिण भारत में दूसरा सबसे बड़ा राजनीतिक दल है वाईएसआर कांग्रेस। आंध्र प्रदेश की कुल 25 लोकसभा सीटों पर इसके 22 सांसद चुने गए। क्षेत्रीय दलों में तीसरे पायदान पर है, तेलंगाना राष्ट्र समिति (बाद में भारत राष्ट्र समिति)। उसके तेलंगाना की कुल 17 लोकसभा सीटों में 9 सांसद हैं। चार दक्षिण भारतीय राज्यों में कांग्रेस के कुल मिलाकर 28 सांसद हैं और एक सीट संघ प्रशासित प्रदेश में जीती है। इनमें भी, अकेले केरल से 15 सांसद हैं, जिसके पीछे मुख्यत: सत्तारूढ़ मार्क्सवादी पार्टी के प्रति लोगों का रोष है। तमिलनाडु में डीएमके के साथ गठबंधन ने कांग्रेस को 8 सीटें दिलाई हैं वर्ना अपने बूते पर शायद एक भी न निकाल पाती (प्रदेश में इसके सबसे कद्दावर नेता की चुनाव में जमानत जब्त हुई थी)। तेलंगाना में कांग्रेस के 3 सांसद हैं तो कर्नाटक और पुड्डुचेरी में एक-एक।

वहीं 2019 में कर्नाटक में भाजपा ने 25 लोकसभा सीटें जीती थीं, 4 सांसद तेलंगाना से हैं, कुल मिलाकर 29 अर्थात कांग्रेस से 1 अधिक। कांग्रेस, डीएमके और भाजपा की कारगुजारी में सबसे बड़ा अंतर यह है कि जहां कांग्रेस केवल गठबंधन के कारण कुछ सीटें निकाल पाई वहीं कर्नाटक और तेलंगाना में भाजपा और डीएमके ने चुनाव अपने दम पर लड़ा। ठीक से विचारे बिना यह विश्लेषण करना कि वहां एक खास विचारधारा का विरोध है या फिर हिंदुत्व के प्रति नफरत है, यह तथ्यों और प्राप्त सीटों की अनदेखी करना है। कांग्रेस को समूचे भारत में मिली कुल 51 संसदीय सीटों में 28 दक्षिण भारत से हैं, तब तो इसको 'उत्तर भारतीय के नेतृत्व वाला दक्षिण भारतीय दल' कहा जाए (मल्लिकार्जुन खड़गे तो महज गांधी परिवार द्वारा नामित हैं, जिनके पास स्वतंत्र निर्णय लेने की शक्ति नहीं है)। वहीं भारतीय जनता पार्टी की देशभर में जीती 303 सीटों में 29 दक्षिण भारत से हैं। लेकिन हां, भाजपा में उत्तर भारतीयों का दबदबा है और उच्च पदों पर एक भी नेता दक्षिण भारत से नहीं है, यहां तक कि खड़गे सरीखा नाम लेने को भी। विगत में, प्रधानमंत्री और पार्टी अध्यक्ष एक ही राज्य से हुआ करते थे, जाहिर है यह राष्ट्र की विविधता का प्रतिबिंब नहीं था। वरिष्ठ मंत्रियों और पार्टी के उच्च पदेन नेताओं में अब केवल निर्मला सीतारमण दक्षिण भारत से एकमात्र चेहरा हैं, वैसे भी उनकी छवि तमिल लोगों का जमीनी प्रतिनिधित्व करने की बजाय दिल्ली वासी होने की अधिक है।

जो भी है, भावनाएं सदा आंकड़ों से परे होती हैं। क्या संस्कृत-लोक और द्रविड़-लोक के बीच कोई कांटेदार बाड़ है? वर्णाक्षर किसी सभ्यता के रचक-खंड होते हैं। स्वर जैसे कि अ, आ, इ, ई और वर्णमाला के व्यंजन (क, ख, ग, घ ण और च, ट, त, प) संस्कृत और तमिल में एक समान हैं- अंतर इतना भर कि इन तथाकथित दो प्रतिकूल संस्कृतियों के बीच अक्षर परस्पर अबोध्य लिपी में लिखे जाते हैं, जो असल में एक ही हैं। उत्तर में सूर्य, चंद्रमा, जल है तो दक्षिण में सूर्यण, चंद्रण, नीर- लेकिन हैं एक जैसे। लोककथाएं एक हैं, भगवान भी एक हैं और मानसिकता में समाए जाति-पाति रूपी राक्षस भी एक जैसे हैं। यह सही है कि गिनती करने वाले अंकों के नामों में काफी फर्क है, उत्तर का एकम, द्वयम, तृयम दक्षिण में ओण्णु, रण्डु, मोण्णु है- अन्य अनेकानेक शब्द और स्वरों में भी अंतर है जैसे कि कोझीकोडे या तमिझ में झ: को अन्य जगह झ कहा जाता है। तथापि एक मलयाली बंदा कन्नड़ या तेलुगू की अपेक्षा हिंदी को अधिक समझ सकता है, और यह बात उक्त भाषियों पर लागू है, इसके लिए धन्यवाद है महात्मा गांधी की दक्षिण भारत हिंदी प्रचारिणी सभा को, और बेशक आगे चलकर पूरा श्रेय जाता है हिंदी फिल्मों को। राजनीतिक, सामाजिक या सांस्कृतिक तौर पर ऐसा कुछ नहीं है जो समूचे दक्षिण भारत को एक साथ बांध सके। यहां तक कि औपनिवेशिक शासकों द्वारा तमिल पृथकतावाद को हवा देने की योजना असफल रही।

कांग्रेस को जरूरत है एक मजबूत नेतृत्व और विश्लेषकों की, न कि चुनावी हार के लिए छ-राजनीतिक बहाने गढ़ने वालों की, वह भी तब जबकि प्राप्त वोटों का हिस्सा पिछले चुनाव जितना बरकरार है। हार का ठीकरा उत्तर भारतीयों की मानसिकता पर फोड़ने वाली दलीलें भले ही राहुल गांधी को सांत्वना दें, जिन्हें खुद अमेठी के मतदाताओं के बजाय वायनाड़ वालों ने अपनाया है। लेकिन ऐसे लोगों और बातों से पार्टी का कुछ भला नहीं होने वाला, इसकी बजाय उत्तर भारत में चुनावी विजय के लिए नूतन रणनीति की जरूरत है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# लाख टके का सवाल लड़ना कैसे है?

हरिशंकर व्यास

उत्तर भारत के तीन राज्यों के चुनाव नतीजे विपक्ष के लिए चेतावनी की घंटी है। चाहे बिहार में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार हों या उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव हों। सब यह मान कर बैठे थे कि उनको भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति की काट मिल गई है। सब मान रहे थे कि जाति गणना, सामाजिक न्याय और आरक्षण बढ़ाने का मुद्दा इतना बड़ा है कि अब कुछ और सोचने की जरूरत नहीं है। मई में कर्नाटक के नतीजों की कांग्रेस ने भी इसी अंदाज में व्याख्या की। सिर्फ कांग्रेस नहीं तमिलनाडु में सरकार चला रही डीएमके को भी लगा कि जिस तरह 'अहिंदा' समीकरण और बजरंग दल का विरोध करके कर्नाटक में कांग्रेस भाजपा को हरा कर जीत गई उसी तरह तमिलनाडु में भी सनातन विरोध का झंडा बुलंद कर देंगे तो भाजपा को हरा देंगे। तीसरी बात विपक्षी पार्टियों को यह समझ में आ रही थी कि पुरानी पेंशन योजना की घोषणा कर देंगे और मुफ्त की वस्तुएं व सेवाएं बांट देंगे तो चुनाव जीत लेंगे। चौथी बात, विपक्षी नेता समझ रहे थे कि उनके खिलाफ सीबीआई और ईडी की कार्रवाई होने से लोगों में सहानुभूति बनेगी। लेकिन ये सारे अनुमान और सोच गलत साबित हुए हैं।

जाति गिनती का एजेंडा नहीं चला है और न आरक्षण बढ़ाने की बात लोगों के दिमाग में बैठी। पुरानी पेंशन योजना की घोषणा से सरकारी कर्मचारियों के कुछ वोट जरूर कांग्रेस को मिले लेकिन आम जनता के बीच यह मुद्दा क्लिक नहीं हुआ। मुफ्त की चीजें बांटने की घोषणा भी काम नहीं आई क्योंकि भाजपा भी इसकी घोषणा कर रही है। तभी अब विपक्षी पार्टियों को इन नतीजों से झटका तो लगा है लेकिन साथ ही यह भी मैसेज है कि वे मिल कर लड़ने के बारे में सोच सकते हैं। नए एजेंडे पर विचार कर सकते हैं। अपने मुद्दे क्या होंगे, यह सोचना होगा और साथ ही यह भी सोचना होगा कि भाजपा क्या मुद्दा ला सकती है। जिस तरह से कश्मीर में कश्मीरी पंडितों और विस्थापितों के लिए सीट आरक्षित करने वाले विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाक अधिकृत कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि पीओके हमारा है। उससे विपक्ष को सावधान होना चाहिए। संभव है भाजपा राष्ट्रवाद का नया मुद्दा उठाए।

सो, कह सकते हैं कि तीन राज्यों के चुनाव नतीजों से विपक्ष को नींद से जगा दिया है। विपक्षी पार्टियों को अब समझ में आ गया होगा कि भाजपा से लड़ना बहुत आसान नहीं है। सीबीआई और ईडी के छापों की मार से बेहाल विपक्ष बेचारा बन कर सहानुभूति नहीं हासिल कर सकता है और न भाजपा के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुद्दा बनाना काम आया। उलटे भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार ने समूचे विपक्ष के बारे में यह धारणा बना दी है कि वह भ्रष्ट है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों की वजह से सहानुभूति बटोरने की कोशिश कहीं न कहीं पंक्चर हो जा रही है। जैसे अभी झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके परिवार से जुड़ी कंपनियों पर आयकर का छापा पड़ा तो दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी पकड़ी गई। भले मामला कारोबारी हो लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने खुद ट्विट करके इस बारे में बताया कि कैसे विपक्ष की पार्टी के एक नेता लूट कर पैसा जमा किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता से लूटी गई पाई पाई वसूली जाएगी। असल में पांच राज्यों के चुनाव में उन तमाम मुद्दों की परीक्षा होनी थी, जिनके दम पर लोकसभा का चुनाव लड़ा जा सकता है। विपक्ष के नजरिए से देखें तो सारे मुद्दे बहुत कमजोर साबित हुए हैं। सिर्फ एक चीज है, जो विपक्ष के लिए अच्छी हुई है वह ये है कि इससे एकजुट होकर लड़ने की जरूरत प्रमाणित है। कम से कम राजस्थान में अगर पूरा विपक्ष एक होकर लड़ा होता तो कांग्रेस जीत जाती। भाजपा और कांग्रेस के वोट में सिर्फ दो फीसदी का अंतर था। भाजपा को दो फीसदी वोट ज्यादा मिले थे। कुल 44 सीटें ऐसी थीं, जहां अन्य या निर्दलीय उम्मीदवारों को मिला वोट जीत-हार के अंतर से ज्यादा था। एक आकलन के मुताबिक अगर इन सीटों पर विपक्ष या भाजपा विरोधी पार्टियां एक होकर लड़ी होतीं तो कम से कम 30 अतिरिक्त सीटें कांग्रेस जीत सकती थी। यानी उसे पिछली बार जितनी सीटें मिल सकती थीं। लेकिन कांग्रेस ने न हनुमान बेनिवाल की पार्टी से बात की, न सपा, बसपा और आप से बात की और न भारतीय आदिवासी पार्टी से बात की। अगर इन पार्टियों को कुछ सीटें देकर कांग्रेस ने तालमेल किया होता तो राजस्थान की तस्वीर अलग होती।

# बहुत कुछ करना बाकी है लक्ष्य प्राप्ति को

सुरेश सेठ

कुछ घटनाक्रमों से देश का माहौल बदलता नजर आने लगता है। लेकिन ऐसे समाचारों में छिपी हैं कुछ चेतावनियां। जो अगले वर्ष महाचुनाव के मद्देनजर आम आदमी को सजग करती हैं। सवाल यह कि आजादी के साढ़े सात दशक के बाद भी हम विकसित देश क्यों नहीं हैं? अमृत महोत्सव भी इस विकासशील देश ने अपनी विकासशीलता के तले मना लिया। लेकिन अब जैसे राष्ट्र के कर्णधार भी कहते हैं कि देश में मूल प्रवृत्ति बने जो यह कहे कि हम न अल्पविकसित हैं, न विकासशील हैं बल्कि विकसित देश हैं। सुखद यह है कि अभी रिजर्व बैंक का जो नया आकलन अर्थव्यवस्था के लिए आया है, वह यह बताता है कि इस वर्ष की आखिरी तिमाही में हम सात प्रतिशत की विकास दर प्राप्त कर चुके हैं।

बेशक पिछले दशक में हमारे देश ने आर्थिक सफलता के नाम पर दसवें पायदान से पांचवें पायदान तक आने की उपलब्धि प्राप्त कर ली है, लेकिन अब जापान और जर्मनी को पछाड़कर तीसरी महाबली आर्थिक शक्ति बनने का कार्यक्रम है। कुछ बातें इस कार्यक्रम को पुष्ट करती हैं। पहली बात यह कि एक देश, एक कर में जीएसटी लागू करने का जो निर्णय किया गया था, वह सफलता दिखा रहा है। अर्थात सोचा गया था कि एक लाख करोड़ रुपये तक का कर संग्रह अगर जीएसटी कर दे तो हम संतुष्ट हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह कर संग्रह इस लक्ष्य से ज्यादा है। इस वर्ष यह 1.68 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है जबकि अगले वर्ष 2 लाख करोड़ का लक्ष्य है। जब कर बढ़ता है तो राजस्व घाटा घटता है। जन कल्याण के लिए अधिक पैसे बचने लगते हैं और उनका इस्तेमाल उस समस्या से देश को बचा सकता है जिसे आजकल रेवड़ियां बांटने की संस्कृति का नाम दिया जाता है। इस समय तो आलम यह है कि अपने चुनावी एजेंडे को आकर्षक बनाने के लिए राज्य कर्ज लेकर भी रेवड़ियां बांटने में गुरेज नहीं करते।



इसमें संदेह नहीं कि अभी आए पांच विधानसभा चुनावों के परिणामों में तीन परिणाम बड़े स्पष्ट तरीके से सत्तारूढ़ भाजपा के हक में गए हैं। नि:संदेह आम आदमी ने देश में राजनीति के स्थायित्व को महत्व दिया है। उस प्रधानमंत्री को महत्व दिया गया है जिसने एक प्रौढ़ कूटनीति का पालन करते हुए देश का ध्वज विश्व में ऊंचा कर दिया है। अब कोशिश हो देश में सांस्कृतिक मूल्यों का पुन: अवतरण हो, नैतिक मूल्यों के पतन के रास्ते में अवरोध खड़े किए जाएं और भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाए।

इसके अतिरिक्त बेशक औरतों को 33 प्रतिशत आरक्षण मिल गया हो। लाडली बहन जैसी योजनाएं भी सामने आ गई और महिलाओं को उनकी गरिमा के अनुसार समानाधिकार देने की पहल भी शासन ने की है। यह भी एक बड़ा कारण है कि महिला मतदाताओं ने मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ दल को वोट दिया। अब देखना यह होगा कि क्या वास्तव में आने वाले दिनों में महिलाओं को वही समानाधिकार, वही सशक्तीकरण की सौगात दी जाती है, जिसके बारे में हर मंच से भाषण किए जाते हैं। आज भी राजनीति में दायित्वपूर्ण स्थानों पर महिलाओं की कमी नजर आती है। संसद से लेकर विधानसभाओं तक में उनकी संख्या पुरुषों के मुकाबले कहीं कम है। सही है कि एक शुरुआत हो गई है। अब सेनाओं के अग्रिम मोर्चों पर स्थायी कमीशन पद लेकर महिलाओं को लड़ने की इजाजत मिल गई और इसके अलावा कार्पोरेट जगत भी बता रहा है कि मुख्य संस्थानों में सर्वोच्च अधिकारी के रूप में महिलाएं नियुक्त की जा रही हैं। कोशिश हो कि कोरोना संकट में रोजगार से विस्थापित महिला कामगारों को पहले जैसा काम मिले। सत्ताधीश ध्यान दें कि देश में सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। हताशा ने नशाखोरों और पियक्कड़ों की एक ऐसी पीढ़ी पैदा कर दी है जिसके सामने रिश्तों का कोई मूल्य नहीं। रोज-ब-रोज ऐसी खबरें मिलती हैं कि बेटों ने बाप की या भाई ने बहन की हत्या कर दी। फिरौती की धमकियां माहौल में दनदना रही हैं। राह चलते लोगों से उनके पर्स और मोबाइल छीने जा रहे हैं। ऐसे अपराध करने पर भी अपराधी शर्मसार नहीं होते और जब उन्हें कारागार में भेजा जाता है तो वे वहां भी इन्हें अपराधगृह बनाने में देर नहीं करते।

नया वक्त आ रहा है, नई चुनौतियां सामने हैं। एक चुनौती तो अभी तक पर्यावरण प्रदूषण की है। जिसकी वजह से असाधारण जलवायु ने देश की खेती, जो पहले ही जुआ थी, को उससे भी बड़ा जुआ बना दिया है। देश की अर्थव्यवस्था हमने डिजिटल कर दी लेकिन इसे चलाने के लिए कारीगरों को उचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया। शिक्षकों को बदलाव की लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार नहीं किया। यह होना चाहिए अगर भारत को विश्व गुरु होना है। अगर भारत को अपनी ही नहीं बल्कि विश्व की संस्कृति का अगुवा बनते हुए वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को फलीभूत करना है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### कबीरधाम में सजेगा बागेश्वर धाम सरकार का दरबार



**कबीरधाम ।** कवर्धा से लगे ग्राम गोठिया में बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेन्द्र शास्त्री के व्याख्यान और दरबार का आयोजन किया गया है। 27 से 30 जनवरी 2024 तक कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम के प्रवक्ता व्यास नारायण तिवारी ने बताया कि दिलीप अग्रवाल व मुकेश पं. धीरेन्द्र शास्त्री अग्रवाल की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 27 जनवरी 2024 को बागेश्वर धाम सरकार कवर्धा पहुंचेंगे। इस दौरान विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। ग्राम गोठिया के कृषि फार्म के पास प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। निमंत्रण कार्ड बंटवाए जा रहे हैं। ताकि शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा माताएं व बहनें शामिल हो सकें।

### सीएम विष्णुदेव साय पहुंचे राम मंदिर, सुख समृद्धि की कामना की




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित भगवान श्रीराम के मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान श्रीराम, माता जानकी हनुमान जी और शिवजी की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के चहुंमुखी विकास और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि भगवान श्री राम का आशीर्वाद इसी तरह हम सब पर बना रहे। छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों के समुचित विकास और छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश में अपना महत्वपूर्ण स्थान स्थापित करें, यही भगवान से हमारी कामना है।

# ट्रैफिक रूल तोड़ने पर मोबाइल पर पहुंचेगा ई-चालान

## बिलासपुर में ITMS की टेस्टिंग पूरी, अब यातायात पुलिस सख्ती से करेगी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर मोबाइल पर ई-चालान पहुंचेगा। इसके लिए नगर निगम के स्मार्ट सिटी के इंटेलिजेंट ट्रैफिक एंड मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट की टेस्टिंग पूरी हो गई है। अब सोमवार से ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले कैमरे में ऑटोमैटिकली ट्रेस हो जाएंगे, जिनकी पहचान कर यातायात पुलिस मोबाइल से ई-चालान भेजेगी।



पिछले सप्ताह कलेक्टर अवनीश शरण और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के एमडी कुणाल दुदावत के साथ कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का मुआयना कर सेंटर और आइटीएमएस की पूरी कार्यप्रणाली और संचालन का जायजा लिया था। इस दौरान कलेक्टर अवनीश शरण ने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को ई-चालान की कार्रवाई जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। ऐसे में शुरुआती 3 दिन में ई-चालान करने के लिए टेस्टिंग की गई। इसमें यह देखा जा रहा है कि जो डाटा उपलब्ध है, वह गलत तो नहीं है। अगर गाड़ी नंबर सर्च कर रहे हैं, तो संबंधित व्यक्ति के पास उनके मोबाइल पर ई-चालान जाना है। इसके बाद चालान वसूली की प्रक्रिया यातायात पुलिस करेगी, इसमें नियम तोड़ने वाले से संपर्क कर चालान वसूला जाएगा।

### कानून तोड़ने पर ई-चालान

यातायात नियमों के अनुसार स्टॉप लाइन क्रॉस करना, ट्रैफिक सिग्नल तोड़कर आगे बढ़ना, तेज रफ्तार से वाहन चलाना, लेफ्ट साइड फ्री को जाम करना, सड़क पर गलत तरीके से गाड़ियों की पार्किंग के साथ ही मोबाइल पर बात करना, तीन सवारी सफर करने के साथ ही यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले चौक-चौराहों पर लगे कैमरे में कैद हो जाएंगे, जिनकी गाड़ियों के नंबर को ट्रेस कर मालिकों के मोबाइल पर ई-चालान भेजा जाएगा।

### नागरिकों और पुलिस को मिली है मदद

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बिलासपुर में संचालित ढ्ढ्रश्वस्न से पूरा शहर सुरक्षा के घेरे में आ गया है। इससे पुलिस को जहां ट्रैफिक समेत अन्य आपराधिक मामलों को सुलझाने में आसानी हो रही है, तो वहीं नागरिकों को इससे काफी मदद मिल रही है। इसके माध्यम से कई मामले सुलझा लिए गए हैं। इसमें खोया हुआ सामान फिर से वापस मिलने और किसी को ट्रेस करना शामिल है।

## जिला स्तरीय स्काउट-गाइड्स शिविर प्रारंभ, स्काउट्स को दी जा रही ज्ञानवर्धक जानकारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर।** भारतीय विद्या मंदिर स्कूल लगरा में जिला स्तरीय स्काउट गाइड्स शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से जिले भर के स्काउट्स को निर्धारित पाठ्यक्रम स्काउटिंग इतिहास, आधारभूत तत्व, झंडा गीत, प्रार्थना, साइन सेल्यूट, मोटा नोट बुक उपाध्ययिता नियम प्रतिज्ञा गणेश ध्वजों की जानकारी टोली विधि टोली सभा खोज के चिन्ह, सिटी के संकेत सिखाएं जा रहे है।

शिविर के दूसरे दिन स्काउट दिनचर्या के अनुसार सुबह 6 बजे बीपी सिक्स व ध्वज शिष्टाचार किया गया। साथ ही प्रथम सत्र के कालखंड में एपीआरओ भाग 2,3 अनुसार निर्धारित पाठ्यक्रम स्काउटिंग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिविर संचालक मोहनलाल कौशिक, सहायक शिविर संचालक सुमन लता यादव, पूरन पटेल, उमा महोबिया, सुरेंद्र सोनी, संजय यादव अनिल सिदार, हरिशंकर वर्मा, राजेंद्र कश्यप, हेमंत यादव, प्रेमलता साहू व अन्य उपस्थित रहे।

रीफ नॉट, शीट बेंड के बारे में दी जानकारी शिविर के द्वितीय सत्र में विभिन्न गांठे जैसे फ्लोहिच, टिंबर हिच, रिफ नॉट, सीट बैंड आदि सिखाते हुए उनके उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही शिविर संचालक मंडल के सदस्यों ने प्राथमिक उपचार के व्याख्यान व प्रेक्टिकल की जानकारी छात्रों को दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की संस्कृति लोकगीत, लोक नृत्य व देश भक्ति, गरबा, डांडिया, राजस्थानी नृत्य, स्काउट गाइड नियम पर आधारित नाटक मंचन किया गया।

## छात्राओं को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का कराया गया भ्रमण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9वीं से 12वीं तक के रिटेल विषय की छात्राओं को नगर के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के संचालक रौनक जैन, आकाश जैन, सुल्तान सहित अन्य ने छात्राओं को रिटेल की जानकारी दी। औद्योगिक भ्रमण को 4 भागों में बांटा गया, जिसमें किराना, बोन चाइना-डेकोरेशन, किड्स वियर और साड़ी सेक्शन शामिल थे।

बारी-बारी से एक के बाद एक छात्राओं को सभी सेक्शनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था के प्राचार्य एके स्वर्णकार ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सभी स्टाफ के प्रति आभार माना, वहीं 12वीं पास होने वाली छात्राओं को यहीं रोजगार देने की मांग भी की। इस दौरान व्यवसायिक प्रशिक्षक राघवेंद्र वर्मा व व्याख्याता हरिसिंह उइके छात्राओं के साथ मौजूद थे।

## अब तक 26 लाख क्विंटल धान की खरीदी, 16 लाख क्विंटल धान का डीओ जारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के 40 दिनों बाद तीनों जिले से लगभग 26 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। परिवहन की गति को तेज करने अब 16 लाख क्विंटल धान का डीओ जारी कर दिया गया। शनिवार और रविवार अवकाश के चलते धान खरीदी बंद रही। लेकिन खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव तेजी से किया गया। अब तक करीब साढ़े 8 लाख क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। अफसरों ने धान के परिवहन की गति ऐसी ही बने रहने का दावा किया है।

सोमवार से धान की आवक भी तेज होगी इसके लिए पहले से खरीदी केन्द्रों में जाम पड़े धान का उठाव करना बेहद जरूरी हो गया था। विगत दिनों अफसरों के साथ जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन एवं समिति प्रबंधकों की एक बैठक में अवकाश के दिनों में परिवहन तेज करने पर सहमति बनी थी। इसके बाद एकमुश्त डिलीवरी ऑर्डर जारी किया गया। समिति प्रबंधकों ने अवकाश के दिनों में उठाव के समय केन्द्रों में उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की थी। जिसके चलते शनिवार एवं रविवार को उठाव हो सका। बड़ी संख्या में किसान दो सप्ताह से मौसम खुलने का इंतजार कर रहे थे।

अफसरों ने की उठाव की निगरानी, 5 हजार क्विं शेष जिले की सीमा पर स्थित खरीदी केन्द्र बोरतलाव से समिति प्रबंधक ईश्वर श्रीवास ने बताया करीब 10 हजार क्विंटल धान का उठाव किया गया है। सुरगी से जितेन्द्र चंद्राकर ने बताया 8 हजार क्विंटल उठाव हुआ करीब 5 हजार क्विंटल धान यहां शेष है। फूड अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा उठाव का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसके अलावा ढाबा, सोमनी से परिवहन किया गया वहीं सिंघोला में अभी ज्यादा आवक नहीं हो सकी है। राजनांदगांव एवं केसीजी व एमसीसी जिले केन्द्रों से भी धान का उठाव किया गया है।

### एक माह के बाद तेजी से हो रहा उठावः भूपेंद्र मिश्रा

खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया 16 लाख क्विंटल धान का उठाव करने डीओ जारी करने के बाद 8 लाख क्विंटल का उठाव किया जा चुका है। शेष 10 लाख क्विंटल धान का तेजी से परिवहन किया जाएगा। केसीजी में 1 लाख से ज्यादा एवं एमएमसी जिले में करीब 1 लाख क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। मिलर्स एवं समिति प्रबंधकों में सामंजस्य से अवकाश के दिनों में परिवहन तेजी से हो रहा है। रविवार को कुछ केन्द्रों में निरीक्षण करने पर ट्रकों में धान की लोडिंग होते दिखी अभी उठाव बेहतर है।

# सभी सशिमं में अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरु

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। जिले के सरस्वती शिशु मंदिरों में कक्षा पहली से 12वीं तक एक साथ अर्धवार्षिक परीक्षाएं आठ दिसंबर से शुरू हो गई है। बच्चों ने एनुअल एग्जाम से पहले इस परीक्षा को गंभीरता से लेते हुए अपनी तैयारी भी पुरी कर ली है।



प्रांत के प्रचार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर में अर्धवार्षिक परीक्षा से पहले लगभग 80 प्रतिशत पढ़ाई पुरा हो चुका है। मार्च 2024 में बोर्ड परीक्षा आयोजित किया जाना है। इसके साथ ही लोकल एग्जाम के परीक्षार्थियों की तैयारी करने के लिए निर्धारित मापदंड के अनुसार प्रश्नपत्र बनाकर परीक्षा ली जा रही है। अर्धवार्षिक परीक्षा के पहले दिन सभी बच्चे बड़े उत्साह के साथ अपने स्कूलों में पहुंचे। परीक्षा से पहले आपस में विषय को लेकर चर्चा करते हुए नजारा आए। कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे, कक्षा छठवीं से आठवीं तक की परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे और कक्षा 9 से 12वीं तक की परीक्षा 12 से 3 बजे तक आयोजित की गई। पहले दिन कक्षा 9वीं से 12वीं तक हिंदी, अंग्रेजी, केमिस्ट्री, अर्थशास्त्र, भौतिकी, व्यावसायिक अध्ययन, इतिहास, कृषि विज्ञान से संबंधित परीक्षा ली गई। 16 दिसंबर को पेरेंट्स व टीचर्स के लिए और 20 दिसंबर को बच्चों के लिए अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा। परीक्षार्थियों में भारी उत्सुकता देखी जा रही है।

# सर्व आदिवासी समाज ने शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया, निकाली विशाल रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** शाहिद वीर नारायण दिवस के शहादत दिवस पर ज़िले के आदिवासी समाज ने आदिवासी विकास परिषद मजरकट्टा भवन में ज़िला स्तरीय विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समाजिक सम्मेलन में ज़िले के सभी आदिवासी भाई बहन महिला और पुरषों ने अपने पारम्परिक वेशभूषा में पहुँच कर बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी निभाते हुए दिन भर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे चित्रकला रंगोली भाषण नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नगर के आदिवासी समाज के प्रमुखजनों ने इस अवसर पर शहीद वीर नारायण जी के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए सभी समाज के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों को बताया साथ ही समाज को संगठित करने परिवार में महिलाओं का ध्यान रखने बच्चों को शिक्षित करने और संगरश करने को हमेशा तत्पर रहने की बात कही गई व शहीद वीर नारायण सिंह जी के मार्गों पर चलते हुए मूलनिवासीयो के अंदर जो वीरता है उसे सदैव दिन दुखियों व कमजोरो के हित के लिए उपयोग करने की बात कही गई। इस अवसर पर समाज प्रमुख लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने आदिवासी वीर नारायण सिंह जी के शहादत दिवस के अवसर पर प्रदेश को आदिवासी मुख्यमंत्री दिया है जो हमारे लिए शहीद वीर नारायण सिंह जी जैसा कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा श्रौत बनेंगे ऐसी उम्मीद करती हूँ और उन्हें आदिवासी समाज की ओर से शुभकामनाए देती हूँ।वही हमारा शाहिद वीर नारायण सिंह जी की शहादत दिवस हर वर्षमानते हुए समाज के लोगो को उनसे प्रेरणा लेने व समाज को संगठित करने के लिए किया जाता है इस अवसर पर प्रत्येक घर से दो किलो चावल और बीस रुपये की सहयोग राशि स्नेह पूर्वक स्वीकार की गई।इस अवसर पर आदिवासी विकास परिषद भवन से हाजारो के तादाद में आदिवासी एक तीर एक कमान सारे आदिवासी एक समान के नारों के साथ शाहिद वीर नारायण सिंह चौक पहुँच कर प्रतीक चिन्ह पर पुष्पवर्षा कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उमेंद्री कोर्राम अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद गरियाबंद,श्रीमती लोकेश्वरी नेताम जिला पंचायत सदस्य एवम अध्यक्ष महिला मोर्चा गरियाबंद,महेंद्र नेताम संरक्षक,गंगाराम नेताम संरक्षक,पूरण लाल ठाकुर जिलाध्यक्ष ध्रुव समाज,नरेंद्र कुमार ध्रुव महासचिव आदिवासी विकास परिषद लीलाम्बर सोम सरपंच कोचबाय,फिरतूराम कंवर जिला पंचायत सभापति,आनंद मरई सर्कल अध्यक्ष,मनीष ध्रुव सरपंच संघ अध्यक्ष,विष्णु नेताम मीडिया प्रभारी, टिकेश्वर कुंजाम अध्यक्ष छुरा इकाई, तोरण मंडावी जेएसयू अध्यक्ष,शंकर छैदैहा, हेमंत नेताम, उपस्थित थे।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### विष्णु देव साय के समर्थकों में जश्न का माहौल, बधाई देने लग रहा तांता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नए सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। इधर, सीएम बनने की जानकारी मिलते ही उनके सर्मथकों में जश्न का माहौल है। उनके बंगले के बाहर जमकर आतिशबाजियां हो रही है।

बता दें कि विष्णुदेव साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी। इसके बाद 1990 में निर्विरोध सरपंच चुने गए। 1990 में उन्होंने पहली बार जिले के तपकरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीतकर अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक बने।

#### दो बार प्रदेश अध्यक्ष रह चुके है साय

1999 से 2014 तक लगातार तीन बार रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुए। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार में इन्हें केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री का उत्तरदायित्व दिया गया था। साय को संगठन में काम करने का भी लंबा अनुभव है। पार्टी ने उन्हें 2006 और 2020 में दो बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। वर्तमान में विष्णुदेव साय भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

### भूपेश बघेल और चरणदास महंत ने दी नए सीएम विष्णुदेव को बधाई

**रायपुर।** विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री मनोनीत होने पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने उन्हें बधाई दी। बघेल ने आगे एक्स पोस्ट में लिखा, नवा छत्तीसगढ़ की न्याय और प्रगति यात्रा को आप मुख्यमंत्री के रूप में आगे बढ़ाएँ, ऐसी कामना करता हूँ।

डॉ. चरण दास महंत ने भी विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री मनोनीत होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा है कि एक भले व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाए जाने से उन्हें खुशी है। उन्होंने साय को जनकल्याण की एक अच्छी पारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। आगे उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय एक सरल आदिवासी नेता हैं, और उनसे इस आदिवासी प्रदेश में संवेदनशील होने की उम्मीद वे करते हैं।

### स्कूल में छात्राएं सीख रही हैं मूर्ति बनाने की कला




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के रोजगार मूलक व्यवसाय छात्र-छात्राओं को सिखाये जा रहे हैं। प्रधान पाठक एम एल तारक ने बताया कि कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका में भी छात्राओं को मूर्ति कला के अंतर्गत शेर, बैल, हाथी, घोड़ा, गणेश, मां दुर्गा आदि की मूर्तियां बनाने सिखाया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षक सूरज चक्रधारी मूर्तिकार हैं।

जो बच्चों को प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार की मूर्तियां बनाने सिखा रहे हैं पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के द्वारा विद्यार्थी भविष्य में इस कला को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ शासन की यह अभिनव योजना है जो पहले उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शुरू किया गया था। जिसे बाद में पूर्व माध्यमिक शालाओं में भी शुरू किया गया। प्रशिक्षण की प्रभारी देव निषाद शिक्षिका है जो छात्राओं को मार्गदर्शन भी देती रहती हैं। पांडुका। स्कूल में छात्राओं को मूर्तियां बनाना सिखाते मूर्तिकार।

# विविध संस्कृति, परंपरा के बावजूद हम एक हैं और एक रहेंगेः राज्यपाल हरिचंदन

## राज्यपाल हरिचंदन से राजभवन में आईआईटी गोवा के युवाओं ने किया संवाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में आईआईटी गोवा से आये विद्यार्थियों ने संवाद किया। ये विद्यार्थी भारत सरकार के ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' अभियान के ''युवा संगम'' कार्यक्रम के तहत पांच दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर यह अनूठा कार्यक्रम पूरे भारत में लागू किया गया है। जिसमें सभी प्रदेशों के युवा अन्य प्रदेशों में जाकर वहां की संस्कृति को समझते हैं, खान-पान का जायका लेते हैं और पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते हैं। इस कड़ी में गोवा के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवा छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ का भ्रमण कराया जा रहा है। भ्रमण के दूसरे दिन ये विद्यार्थी राजभवन पहुंचे थे।

राज्यपाल हरिचंदन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की ताकत उसकी अनेकता में एकता की भावना है। विविधता में एकता हमारे देश की दुनिया में एक मिसाल है। विविध संस्कृति, परंपरा के बावजूद हम एक हैं और एक रहेंगे। इसी विचार धारा को लेकर भारत विश्व गुरू बनने की दिशा में अग्रसर हैं।

राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रम के दूरदर्शी ढांचे के तहत युवा संगम कार्यक्रम हमारे राष्ट्र के विविध पहलुओं को गहराई से समझने और उस पर गर्व करने का एक अवसर है। छत्तीसगढ़ यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को यहां की समृद्धि संस्कृति, प्रगति और यहां की विरासत के विभिन्न पहलुओं को जानने और उससे सीखने का अवसर मिलेगा।

राज्यपाल ने कहा कि कोविड-19 के दौरान इस विशाल जनसंख्या वाले हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह कोविड के प्रबंधन के लिए कार्य किया गया उससे विश्व चकित रह गया। कोविड के विरूद्ध हमारी लड़ाई में 140 करोड़ जनसंख्या को सुरक्षित रखने के लिए हमारे फ्रंटलाइन वर्करों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं ने भी फ्रंट लाइन वर्कर बन कर कोविड की रोक-थाम एवं समाज को इसके लिए जागरूक करने के अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे ऐसा कार्य करे, जिससे देश गौरवान्वित हो और ''एक भारत महान भारत'' का उद्देश्य पूरा हो सके। पढ़ाई समाप्त करने के बाद समाज के वंचित वर्गो की सेवा करने का आव्हान उन्होंने विद्यार्थियों से किया।

इस अवसर पर आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने युवा संगम कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईआईटी, गोवा सहित विभिन्न महाविद्यालयों के 45 विद्यार्थी छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति, यहां की प्रगति और प्रौद्योगिकी से रूबरू होने, परस्पर सम्पर्क के द्वारा छत्तीसगढ़ के लोगों से परिचित होने और पर्यटन स्थलों का भ्रमण होने के लिए पहुंचे हैं।

कार्यक्रम में राज्यपाल हरिचंदन से गोवा के विद्यार्थियों का वैचारिक आदान-प्रदान हुआ। कुमारी रिद्धी भट्ट ने भारत के विकास और संस्कृति के बीच युवाओं की स्थिति पर प्रश्न पूछा जिसका उचित समाधान श्री हरिचंदन ने किया। मुख्यमंत्री फैलोशिप गोवा के लिए कार्यरत उद्धव अवस्थी ने टेक्नॉलाजी और परंपरा को जोड़ कर कैसे आगे बढ़ा सकते हैं, इस पर प्रश्न किया। श्री हरिचंदन ने कहा कि टेक्नॉलाजी और परंपरा अलग-अलग विषय हैं लेकिन टेक्नॉलाजी में परंपरा को जोड़ कर उसे आगे ले जा सकते हैं। गुना आदित्य पाटिल ने युवा संगम प्रोगाम के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया जिसके कारण उन्हें छत्तीसगढ़ भ्रमण करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल, आईआईटी भिलाई के प्राध्यापकगण तथा गोवा राज्य से आये युवा और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# तीरंदाजों से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने की मुलाकात कहा- तीरंदाजी का महत्व महाभारत और रामायण में भी

## भारत के तीरंदाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल ला रहेः मंत्री मुंडा



**रायपुर।** रायपुर के साइंस कालेज मैदान में भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे। इस अवसर पर ढोल धमाके, बैंड बाजे, आतिशबाजी से छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ द्वारा उनका स्वागत किया गया। तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने फूल माला से स्वागत किया।

इस अवसर पर खेल एवं कल्याण की डायरेक्टर श्वेता सिंह ने भी स्वागत किया। इस दौरान तीरंदाजी संघ के कोच, खिलाड़ी और संघ के पदाधिकारी मौजूद थे। अग्रवाल समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा कि तीरंदाजी का महत्व महाभारत और रामायण में भी इसकी विविधता के बारे में जानकारी है।

#### खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार कर रहे प्रयास

भारत के तीरंदाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल ला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों के साथ उनका मान सम्मान बढ़ाने के लिए चाय में समय-समय पर आमंत्रित करते रहे हैं। मुरारका ने बताया की अपने उद्बोधन के बाद केंद्रीय मंत्री प्रत्येक खिलाड़ियों से मिलकर परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी के रूप में सुनील शर्मा, विक्की शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे और साई के इंचार्ज मौजूद रहे।

# प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं का हो रहा आगमन, दो दिनों में तीन डिग्री गिरेगा पारा

**रायपुर।** लगातार बारिश के बाद अब मौसम पिछले तीन दिनों से साफ चल रहा है। वहीं सोमवार से प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन होता दिखाई दे रहा है। इसकी वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट बनी रहेगी, जबकि मंगलवार से गिरावट में और भी तेजी आएगी। साथ ही अधिकतम तापमान में कुछ स्थानों पर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है तो कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान स्थिर बना हुआ है।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की क्रमिक गिरावट होने की संभावना जताई जा रही है, जबकि इसके बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने के आसार नहीं हैं।

वहीं रविवार को प्रदेश के लगभग सभी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहा। इसी बीच प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में रहा, जबकि न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं वर्षा के आंकड़े निरंक दर्ज किए गए।



#### न्यूनतम तापमान औसत से दो डिग्री तक ज्यादा

मौसम विभाग के पिछले तीस वर्षों के औसत तापमान के आंकड़ों के अनुसार न्यूनतम तापमान एक से दो डिग्री तक अधिक चल रहा है। रविवार को रायपुर और बिलासपुर में औसत न्यूनतम तापमान एक डिग्री अधिक रहा, जबकि जगदलपुर में यह दो डिग्री तक अधिक देखने को मिला। वहीं अगले दो दिनों में इसके औसत के बराबर और उससे भी नीचे जाने के आसार हैं।

#### अधिकतम तापमान पांच डिग्री तक ज्यादा

न्यूनतम तापमान के अलावा अधिकतम तापमान भी औसत से ज्यादा चल रहा है। आंकड़ों के अनुसार रविवार को राजनांदगांव का अधिकतम तापमान औसत से पांच डिग्री तक ज्यादा रहा, जबकि दुर्ग में तीन डिग्री अधिक रहा। वहीं जगदलपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर और पेंड्रा रोड में अधिकतम तापमान औसत से नीचे ही चल रहा है।


## विधायक अनुज शर्मा से की बूढादेव मंदिर में छत निर्माण की मांग

**धरसींवा।** ध्रुव आदिवासी गोड समाज चरौदा द्वारा 9 दिसम्बर को नवनिर्वाचित विधायक अनुज शर्मा का सम्मान कर उनको बूढादेव मंदिर में छत निर्माण के लिए आवेदन दिया गया। इस अवसर पर मनमोहन ध्रुव, समाज प्रमुख नरसिंह ध्रुव, अंगद ध्रुव, तानसिगं ध्रुव, हरिश्चन्द्र ध्रुव, ठाकुर राम ध्रुव व टीनूकांत वर्मा सभी उपस्थित थे। ध्रुव आदिवासी गोड समाज ने किया विधायक अनुज शर्मा को सम्मानित।



# जयसिंह अग्रवाल वाले बंगले में शिफ्ट होंगे भूपेश बघेल, जेड प्लस सुरक्षा के साथ मिलेंगी ये सुविधाएं

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जेड प्लस सेक्योरिटी में रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री को नए बंगले के साथ-साथ दो ओएसडी, दो निजी सचिव और सुरक्षा के लिए छह जवान मिलेंगे। साथ ही वे मुख्यमंत्री आवास से जयसिंह अग्रवाल के बंगले में शिफ्टिंग कर सकते हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि वास्तु और क्षेत्रफल की दृष्टि से पूर्व राजस्व मंत्री का बंगला उन्हें अलाट किया गया है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से भी बड़ा है। इसके साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री को प्रोटोकाल के मुताबिक जेड प्लस की सेक्योरिटी कायम रहेगी।



नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्तमान में राज्य अतिथि गृह पहुना में निवास कर रहे हैं, वहीं भूपेश बघेल अपने नए निवास में 15 दिन के भीतर शिफ्टिंग कर सकते हैं। भूपेश बघेल वर्तमान में पाटन से विधायक हैं। विधानसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए फिर से एकजुट होने मेहनत करने की बात कही है। सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली में समीक्षा बैठक खत्म होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी में आने वाले दिनों में बड़े फेरबदल की संभावना जताई जा रही है।

#### तीन दिसंबर को दिया था इस्तीफा

विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस को इस बार मात्र 35 सीटों पर ही जीत मिली है। वहीं, बीजेपी को 54 सीटों पर जीत मिली है। रिजल्ट की घोषणा के बाद 3 दिसंबर को भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# बृजमोहन ने नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव को दी बधाई

**रायपुर।** वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी है। बृजमोहन अग्रवाल समेत पार्टी के सभी विधायकों ने सर्वसहमति से मुख्यमंत्री के लिए विष्णु देव साय का समर्थन किया। जिसके बाद उन्हें छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुना गया।



बृजमोहन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत पूरे केंद्रीय नेतृत्व को छत्तिसगढ़ में जनजातीय समाज से मुख्यमंत्री बनाने पर बधाई और धन्यवाद दिया। पहले द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया और अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने आदिवासी समाज को जो सम्मान दिया है उसके लिए बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया।

उन्होंने विष्णु देव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ को एक बार फिर से विकास के रास्ते पर आगे ले जाने और मोदी की गारंटी को पूरा करने की बात कही। विधायक अग्रवाल ने कहा यह खुशी और सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ को विष्णु देव साय के रूप में एक बेहद की सौम्य और प्रतिभावान मुख्यमंत्री मिला है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# लंबे और खूबसूरत बालों के लिए करवा रही हैं हेयर स्ट्रेटनिंग तो इन बातों का रखें ध्यान



आजकल बाल स्ट्रेटनिंग का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। लोग अपने बालों को सीधा और चमकदार बनाने के लिए बाल स्ट्रेट करवाते हैं। इससे बाल खूबसूरत और लंबे दिखने लगते हैं। लंबे और सुंदर बाल हर किसी को पसंद आता है ऐसे में लोग अपने बेजान और घुंघराले बालों को सीधे करवाकर अपनी पर्सनेलिटी में बदलाव लाना चाहते हैं ताकि वह देखने में सुंदर और आकर्षक लगें। लेकिन कई बार हम बाल स्ट्रेटनिंग के दौरान कुछ गलतियां कर देते हैं जिससे बाल और ज्यादा खराब हो जाता है। इसलिए स्ट्रेटनिंग से पहले कुछ बातों का ख्याल रखना बहुतजरूरी होता है। आइए जानते हैं यहां।

### हेयर स्ट्रेटनिंग क्या होता है

हेयर स्ट्रेटनिंग दो तरह के होते हैं एक परमानेंट और दूसरा टेंपरेरी हेयर स्ट्रेटनिंग। परमानेंट स्ट्रेटनिंग एक केमिकल ट्रीटमेंट है, जिसकी मदद से आपके बाल हमेशा के लिए सीधे हो जाते है। अगर कुछ समय के लिए बालों का लुक बदलना चाहती हैं, तो टेंपरेरी हेयर स्ट्रेटनिंग लोग करवाना चाहते हैं।

### शैंपू करने से बचें

बालों को स्ट्रेटनिंग करवाने में बालों पर केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है जो बालों के नैचुरल तेल को नष्ट कर देता है। ऐसे में बाल स्ट्रेटनिंग करवाने के बाद कम से कम एक हफ्ते तक बालों को शैंपू से बचाना चाहिए। शैंपू में मौजूद केमिकल्स और साबुन बालों की सतह को और अधिक सूखा व नाजुक बना सकते हैं। इससे बाल टूटने और झड़ने लगेंगे। इसलिए स्ट्रेटनिंग के बाद कम से कम एक सप्ताह तक बिना शैंपू के ही बाल धोएं। इसके लिए अलग शैंपू आता है। आप हमेशा उसी शैंपू का इस्तेमाल करें।

### कंघी कम करें

बाल स्ट्रेटनिंग की प्रक्रिया में बालों की जड़ों केमिकल का भरपूर इस्तेमाल होता है इससे बाल मुलायम तो हो जाते हैं लेकिन वह कमजोर हो जाती हैं। ज्यादा कंघी करने से बालों पर खिंचाव होता है जिससे पतले और कमजोर बाल टूटने लगते है। इसलिए सावधानी बरतें और हल्के हाथों से ही कंघी का प्रयोग करें।



### कंडीशनर का इस्तेमाल करें

बाल स्ट्रेटनिंग की प्रक्रिया के बाद बालों पर केमिकल और हीट की वजह से काफी असर पड़ता है। जिससे बाल नाजुक हो जाते हैं। ऐसे में बालों की देखभाल के लिए कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें। कंडीशनर में मॉइस्चराइजिंग होता है जो बालों की नमी को बनाए रखते हैं। यह बालों को हाइड्रेट और स्मूथ बनाए रखता है। साथ ही बालों को उनके प्राकृतिक तेल और पोषण देता रहता है। इससे बालों को स्ट्रेटनिंग के साइड इफैक्ट्स से बचाने में मदद मिलती है।

# किचन की होने वाली चिक-चिक से हैं परेशान? अपनाएं ये टिप्स एंड ट्रिक्स

किचन में काम करने के दौरान हमें कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे, जिसे अपनाकर आप चिक-चिक से छूटकारा पा सकते हैं। आइए जानते हैं कैसें?

### जला हुआ खाना

कई बार ऐसा होता है कि हम खाने बना रहे हैं और वो नीचे से जल जाता है। तो अगर खाना बनाते समय बर्तन जलने लगे तो खाना दूसरे बर्तन में डाल देना चाहिए। ऐसा करने से जलने की बदबू खाने में नहीं आएंगी और बर्तन भी नहीं जलेगा।

### नमक ज्यादा हुआ तो करें ये काम

कभी-कभी आप से भी सब्जी और किसी और चींज में नमक ज्यादा हो जाता होगा। अगर अब किसी चींज में नमक ज्यादा हो जाएं तो उसमें दही, नारियल पेस्ट या फिर



ब्रेड डालकर पानी मिला दें। अगर आप दही नहीं खाते हैं तो आप इसमें नींबू का रस या घी भी मिला सकते हैं ऐसा करने से सब्जी का नमक कम हो जाएगा और स्वाद भी और अच्छा हो जाएगा।

### मिर्च ज्यादा हो जाएं तो क्या करें

नमक के साथ-साथ कई बार खाने में मिर्च में ज्यादा हो जाती है। अगर अब कभी मिर्ची ज्यादा हो जाएं तो उसमें क्रीम या मावा का पेस्ट मिला दें ऐसा करने से सब्जी से मिर्ची कम हो जाती है। ऐसा करने में आपको समय भी कम लगेगा।

### मिर्च खराब होने से बचाएं

कभी कभी आपने देखा होगा कि मिर्च जल्दी खराब हो जाती है। अगर आपको भी मिर्च को सूखने से बचाना है तो आप उसका डंठल को हटाकर सूखी जगह पर रख दो।

### चुकंदर छीलने की ट्रिक्स

किचन में चुकंदर छीलना भी एक बड़ा काम है। इसके लिए सबसे पहले चुकंदर को धोकर साफ कर लें। फिर छोटे चम्मच की मदद से चुकंदर को खुरचें। आप देखेंगे कि चुकंदर बिल्कुल साफ हो जाएगा। ऐसा करने में आपको ज्यादा समय भी नहीं लगेगा।

# मलाइका अरोड़ा ने बॉसी स्टाइल से फिर लूटी वाहवाही ग्लैमर से भरे इस लुक ने छुड़ाए फैंस के पसीने

50 साल की उम्र में भी मलाइका अरोड़ा की हॉटनेस के आगे अच्छी-अच्छी बॉलीवुड एक्ट्रेस फेल हो जाती हैं। अक्सर मलाइका अपने इंस्टा अकाउंट पर बोल्ड तस्वीरों से फैंस के पसीने छुड़ा देती हैं। हाल ही में उन्होंने कुछ ऐसी ही तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह बेहद बोल्ड और खूबसूरत नजर आ रही हैं। बॉलीवुड की सबसे बोल्ड और सेंसेशनल एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

एक्ट्रेस हर रोज अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ न कुछ वीडियो या फोटोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ऐसी ही कुछ क्लासिक बॉसी स्टाइल में तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वह



बेहद खूबसूरत और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। अदाकारा मलाइका अरोड़ा ने अपने बॉसी स्टाइल और बोल्ड लुक से फैंस के बीच खलबली मचा दी है। अदाकारा की ये तस्वीरें खूब चर्चा में हैं। सफेद कलर के कोट में एक्ट्रेस बेहद स्टाइलिश नजर आ रही हैं। कभी मलाइका ने अपनी अपनी मुस्कान से तो कभी सिजलिंग पोज से अदाओं के तीर चलाए।

मलाइका की यह बॉसी लुक वाली तस्वीरें जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली हैं। मलाइका अरोड़ा इंस्टा पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी यहां तगड़ी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस को करीब 19 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।

**एनिमल की दहाड़ से थर्रा उठा बॉक्स ऑफिस**

# रणबीर कपूर की फिल्म ने दुनियाभर में किया 650 करोड़ का आंकड़ा पार



रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। इसकी कमाई की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। हर दिन फिल्म के कलेक्शन में जबरदस्त इजाफा देखने को मिल रहा है। देश में नहीं बल्कि विदेशों में भी एनिमल का डंका बज रहा है। अब फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को लेकर लेटेस्ट जानकारी सामने आई है। जानिए अब तक इस मूवी ने कितना कलेक्शन कर लिया है। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की रिलीज को एक हफ्ते से ज्यादा हो चुका है। अब मूवी ने 650 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। बहुत जल्द ये 700 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। लेटेस्ट जानकारी के मुताबिक, 9 दिनों में रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने दुनियाभर में 660 ।89 करोड़ रुपये का शानदार बिजनेस कर लिया है।

घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी एनिमल छप्परफाड़ कमाई कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, एनिमल भारत में 413 ।38 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। 9वें दिन एनिमल ने जवान और गदर 2 को बॉक्स ऑफिस पर धूल चटा दी है और दूसरे शनिवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। ट्रेड पंडितों का मानना है कि रणबीर कपूर की एनिमल बहुत जल्द 500 के आंकड़े को छू लेगी।

बता दें कि रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल 1 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हु थी। इसमें बॉबी देओल खलनायक की भूमिका निभाकर छा गए हैं। हर तरफ उनकी एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और तृप्ति डिमरी ने भी एनिमल में अहम भूमिका निभाई है। फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है, जिन्होंने इससे पहले ब्लॉकबस्टर कबीर सिंह फिल्म बनाई थी।

# मस्त में रहने का से नीना गुप्ता की शरारतों ने जीता दिल



नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ अपनी फिल्म मस्त में रहने का के लिए चर्चा में हैं। यह फिल्म 8 दिसंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। विजय मौर्य द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपने अनोखे नाम की वजह से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही थी। फिल्म को विजय ने पायल अरोड़ा के साथ लिखा है। फिल्म के नाम से ही इसका संदेश समझ में आता है। आपको बताते हैं कि यह संदेश देने में फिल्म कितनी सफल हुई।

फिल्म में 2 कहानियां समानांतर चलती हैं, जिनमें कई जिंदगियां शामिल है। हर किसी की अपनी दुनिया और अपने संघर्ष हैं। बुजुर्ग कामत (जैकी) अपने घर में अकेले रहते हैं। अकेले होने के कारण उन्होंने 12 साल से किसी से बात नहीं की है। उनकी बेरंग जिंदगी में मिसेज हांडा (नीना) दोस्ती का रंग लेकर आती हैं। हांडा कनाडा में अपने बच्चों के साथ रहती हैं और हाल ही में भारत वापस आई हैं।

दूसरी ओर नन्हे (अभिषेक चौहान) और रानी (मोनिका पंवर) की कहानी है। नन्हे अपने गांव से भागकर मुंबई आया है, लेकिन मायानगरी के कभी न खत्म होने वाले चक्रव्यूह में फंस जाता है। मजबूरी में वह अकेले रहने वाले बुजुर्गों के घर में चोरी करने लगता है।नन्हे को सिग्नल पर भीख मांगने वाली रानी से प्यार हो जाता है। उसे करीब से जानने पर रानी की जिंदगी के अन्य पहलू सामने आते हैं।

# मेरे लिए दोस्ती सबसे महत्वपूर्ण हैः आंचल साहू



**शो परिणीति में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री आंचल साहू ने कहा कि परिणीति के किरदार में कदम रखना, एक ऐसा किरदार जो नीति के साथ अपनी दोस्ती को गहराई से महत्व देता है, उसे अपनी मान्यताओं की प्रतिकृति जैसा लगता है।**

परिणीति अपनी सम्मोहक कहानी के लिए दर्शकों से प्रशंसा बटोर रही है, जो परिणीत (अंचल), संजू (अंकुर वर्मा), और नीति (तन्वी डोगरा) जैसे पात्रों के साथ एक जटिल प्रेम त्रिकोण बुनती है।

शो में संजू नीति से तलाक के बाद परिणीत के सामने शादी का प्रस्ताव रखते हैं लेकिन परिणीत उनके प्रस्ताव को खारिज कर देती हैं और उनसे सवाल करती हैं कि वह अपनी सबसे अच्छी दोस्त नीति को कैसे छोड़ सकते हैं क्योंकि पहले उन्होंने अपने सारे रिश्ते दांव पर लगा दिए थे। उसने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया क्योंकि इससे नीति का दिल टूट जाएगा। परिणीत के किरदार की तरह, जो शो में प्यार से ज्यादा दोस्ती को महत्व देती है, आंचल अपने वास्तविक जीवन में भी दोस्ती के महत्व को दर्शाती है।

दोस्ती और उसके महत्व के बारे में बात करते हुए, आंचल ने कहाः दोस्ती, मेरे लिए, मेरे जीवन की आधारशिला रही है। परिणीत के किरदार में कदम रखना, एक ऐसा किरदार जो नीति के साथ अपनी दोस्ती को गहराई से महत्व देता है, मेरे अपने विश्वासों की प्रतिकृति जैसा लगता है। मैं अपने वास्तविक जीवन में बहुत अच्छे दोस्त पाकर बहुत भाग्यशाली हूं, जिनके साथ मैं खुद रह सकता हूं और अपनी खुशियां और दुख साझा कर सकता हूं।

जब भी परिणीति के सेट पर छुट्टी होती है, मैं अपने दोस्तों के साथ कुछ हंसी-मजाक भरे पल बिताना सुनिश्चित करती हूं। मैं हमेशा उनसे मिलने के लिए उत्सुक रहती हूं। वे ही हैं जो हमेशा हर संभव तरीके से मेरा समर्थन करते हैं और मुझे प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए दोस्ती सबसे महत्वपूर्ण है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### अयोध्या से गरियाबंद पहुंचे अक्षत कलश का रामभक्तों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**गरियाबंद।** अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रही है। इसके लिए आमंत्रण सूचना एवं अक्षत (पीला चावल) कलश पूरे भारतवर्ष के प्रत्येक घर तक पहुंचाने के लिए एक वृहद योजना बनी है, इसी के अंतर्गत गरियाबंद में अयोध्या से अक्षत कलश पहुंची है। अक्षत कलश का रामभक्तों द्वारा आरती उतार और श्रीराम जी के जयकारों के साथ ही श्रीराम धूनी के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गौरतलब हो कि अयोध्या से आए इस अक्षत कलश को नगर के शिव दुर्गा मंदिर में लोगों के दर्शनार्थ के लिए स्थापित किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में अक्षत कलश को गरियाबंद के प्रत्येक खंडों में वितरण किया जाएगा।भव्य शोभा यात्रा के साथ हर घर निमंत्रण पत्र पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही आयोजित आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि अक्षत कलस जिले के सभी मंडलों में समिति गठन कर समस्त ग्राम इकाई तक अयोध्या से आई भगवान श्रीरामचंद्र जी की मंदिर का फेटो के साथ निमंत्रण पत्रक हर गांव के प्रत्येक घरों तक विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पहुंचेंगे। निमंत्रण देने व अक्षत चावल पहुंचाने का कार्य 15 जनवरी तक पूर्ण कर लिया जाएगा व प्रत्येक गावों के साथ्क्षसाथ सभी नगरों में 22 जनवरी को समितियों के माध्यम से अखंड राम नाम पाठ, महाआरती कर रामप्रसादी वितरण, हर घर में दीप जलाकर पटाखे फोड़कर दीपावली की तरह उत्सव मनाए ऐसा आह्वान किया जाएगा। बताया कि जनवरी माह में यह उत्सव देखने को मिलेगा।

### कांग्रेस भवन में छ.ग. के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी स्व. वीरनारायण सिंह की शहादत दिवस पर उन्हें किया गया नमन

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ में आज छ.ग. के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी स्व. वीरनारायण जी की पुण्यतिथि मनाई गई जहां उनकी स्मृति तस्वीर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने पुष्पहार पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने उपस्थित कांग्रेसजनों को शहीद वीर नारायण जी के विषय मे बताया कि वे राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, एक सच्चे देशभक्त व गरीबों के मसीहा थे। 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के समय उन्होने जेल से भागकर अंग्रेजों से लोहा लिया था जिसमें वे गिरफ्तार कर लिए गए थे। 10 दिसम्बर 1857 को उन्हें रायपुर के जय स्तम्भ चौक पर सरेआम फाँसी दे दी गयी। अनिल शुक्ला ने कहा कि हम उनकी इस शहादत को कभी भी नहीं भूल सकते । आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयंत ठेठवार सभापति नगर निगम रायगढ़,शाखा यादव प्रभारी महामन्त्री जिला कांग्रेस कमेटी, विकास ठेठवार अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी,शकील अहमद सिद्दकी सेवादल मुख्य संगठक,संतोष चौहान,अमृत काटजू,अभिषेक शर्मा,शारदा सिंह राजपूत,प्रताप सिंह,राहुल सिंह,रवि पांडेय,रमेश भगत,शेख ताजीम, विनोद कपूर,गुणवंत सिंह ठाकुर,श्रेयांश शर्मा,सैय्यद इम्तियाज,गणेश घोरे,संतोष कुम्हार,वकील अहमद सिद्दकी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्राधिकरण आने वाले जरूरतमंदों को उपलब्ध कराएं विधिक सहायता: जस्टिस भादुड़ी

## राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष व जस्टिस गौतम भादुड़ी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आने वाले प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्तियों को उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार यथोचित विधिक सहायता, सलाह एवं कानूनी सहयोग प्रदान करने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी का यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ सुनकर उन्हें सम्मान पूर्वक विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान करने का प्रयास करें।**




जस्टिस भादुड़ी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पुराना उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर के सभागार में राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस भादुड़ी ने कहा कि विधिक सहायता के लिए जो व्यक्ति प्राधिकरण में आता है वह निश्चित रूप से आर्थिक एवं अन्य परेशानियों से ग्रसित होता है एवं न्याय की आशा में आता है।

कानूनी सहायता के लिए आने वाले लोगों की हर संभव मदद की जाए व कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सालसा के नीलेश तिवारी द्वारा स्थापना शाखा से संबंधित, राजेश साहू विनोद तिवारी द्वारा बजट एवं लेखा से संबंधित, शिव शुक्ला द्वारा पीड़ित क्षतिपूर्ति एवं अन्य योजनाओं से संबंधित, सुनील शर्मा द्वारा मीडिएशन संबंधी जानकारी प्रदान की गई। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में पदस्थ वरिष्ठ कर्मचारियों हेतु नौ एवं 10 दिसम्बर को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यकम में राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से 68 अधिकारी एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

न्याय प्रदान करने का प्रारंभिक माध्यम है प्राधिकरण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने कहा कि प्राधिकरण के हमारे कर्मचारी न्याय प्रदान करने के प्रारंभिक आधार स्तंभ है, जिनके अथक प्रयासों के द्वारा ही हम लक्ष्य को आसानी से ऊंचाइयों तक प्राप्त करते हैं। इसलिये सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा से पूर्ण करने का प्रयास करें तथा राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त होने वाले सभी निर्देशों का पालन समय पर पूर्ण करें, सालसा द्वारा चाही गयी जानकारियों को तत्परता से पालन करना भी सुनिश्चित करें। उनके द्वारा कर्मचारियों से छत्तीसगढ़ को भारत का श्रेष्ठतम प्राधिकरण बनाने में का आव्हान किया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को आश्वास्त किया कि वे किसी भी समय कोई भी समस्या या परेशानी आये तो सीधे उनसे संपर्क कर सकते है।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के उप सचिव गिरिश कुमार मंडावी ने कहा कि कर्मचारी अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन उचित ढंग से करते हुए जिला एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का नाम, समाज के कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को विधिक सहायता प्रदान कर रोशन करने का अथक प्रयास करें।

## दशहरा मैदान छुरीकला में शुरू हुआ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** शांतिकुंज गायत्री तीर्थ हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम छुरी के दशहरा मैदान में रविवार को 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं और युवतियों ने पीले और भगवा वस्त्र पहनकर सिर पर पावन कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। जिसके बाद दशहरा मैदान के समीप स्थित तालाब में वरुण देव की पूजा अर्चना कर कलश में जल धारण कर पुन: यज्ञस्थल पहुंचीं। यज्ञस्थल पर कलशधारी माताओं-बहनों का स्वागत पुष्प वर्षा से किया गया।

इस महा यात्रा में विभिन्न संगठन के सदस्य और गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन ग्रुप दिया, महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल एवं आसपास के नवयुवक मंडल सहित विभिन्न जिलों से आए हुए गायत्री परिवार के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कलश यात्रा में विभिन्न झांकियां के साथ नशा मुक्ति का संदेश भी दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम के व्यवस्थापक रमाकांत साहू विजेंद्र यादव व खिलावन पटेल ने नगरवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में महायज्ञ में शामिल होने का आग्रह किया है। यात्रा में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के साधक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

घर-घर संस्कार स्थापना करना महायज्ञ का उद्देश्य: शर्मा 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के संबंध में गायत्री परिवार के समन्वयक व उपजोन कोरबा प्रमुख दानेश्वर शर्मा ने बताया कि महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य मनुष्य में देवत्व के उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण व घर-घर संस्कार स्थापना, व्यक्ति निर्माण से परिवार निर्माण और परिवार निर्माण से समाज निर्माण समाज निर्माण से राष्ट्र निर्माण की दिशा में आम जनमानस को जागरूक करना है। महायज्ञ के माध्यम से गायत्री परिवार के विचार क्रांति अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित है।

## विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पेंशनरों ने दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने विधायक दल की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री का दायित्व सौपने का फैसला किया। विष्णुदेव साय को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रमुख वीरेन्द्र नामदेव तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों नें बधाई दिया है और विधानसभा चुनाव हेतु जारी घोषणा पत्र पर अमल करते हुए पहली केबिनेट में राज्य के पेंशनरों और कर्मचारियों को केन्द्र के समान जुलाई 23 से 4त्न डीए डीआर एरियर सहित भुगतान हेतु तुरंत आदेश जारी करने और धारा 49 को विलोपित करने हेतु जरूरी कार्यवाही करने की मांग की है।**

विष्णुदेव साय को नए मुख्यमंत्री घोषित होने पर बधाई देते हुए भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष व राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र नामदेव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्रोपदी यादव, राष्ट्रीय मंत्री पूरन सिंह पटेल तथा प्रदेश के पेंशनर्स नेता क्रमश: भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा तथा प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, बी एस दसमेर, पं.आर जी बोहरे,सुरेश मिश्रा,बी के वर्मा,आर एन ताटी,दिनेश उपाध्याय,प्रदीप सोनी,राकेश जैन,महेश पोद्दार,ओ पी भट्ट, पी एन उड़कूड़े,रैमनदास झाड़ी, जगदीश कनौजिया,एस के घाटोडे, नैन सिंह, शंभू नाथ देहारी, डी आर गजेन्द्र, रणविजय सोनी,बसंत गुप्ता,पिताम्बर पारकर,हेमंत टांकसाले,नागेश कापेवार,प्रवीण त्रिवेदी, डॉ पी आर धृतलहरे,एच एल नामदेव,के आर राजपूत,विनोद जैन, सी एम पांडेय,जे पी भारतीय,गायत्री गोस्वामी,अनूप डे, मो. कसीमुद्दीन, कमलसाय भद्रे, मो. कासिम, सुभाष मंडल,सी एल चंद्रवँशी,बरातूराम कुर्रे,आई सी श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार सिंह,शरद अग्रवाल,डॉ एस पी वैश्य,बी डी उपाध्याय,बी एल यादव,नरसिंग राम,आर के नारद,सुरेश शर्मा,एस के चिलमवार,लोचन पांडेय,एस के एस श्रीवास्तव,आलोक पांडेय,तीरथ यादव,रमेशचन्द्र नन्दे,जगदीश सिंह,उर्मिला शुक्ला,कुंती राणा, वन्दना दत्ता, कलावती पाण्डे, पी भारती,परसराम यदु,अनूप योगी,ओ डी उपाध्याय,बी एल गजपाल,एन के भटनागर, डी के त्रिपाठी, एम आर शास्त्री, मीता मुखर्जी, सोमेश्वर प्रसाद तिवारी,हरेंद्र चंद्राकर,व्ही टी सत्यम, मो.अय्यूब खान,रविशंकर शुक्ला,गुज्जा रमेश,,लोकचंद जैन, एम एल पाल, अवधराम घृतलहरे,नागेंद्र सिंह आदि ने छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ होनेवाली भाजपा सरकार से जुलाई 23 से केन्द्र के समान पेंशनरों और कर्मचारियों को डीए/डीआर एरियर सहित आदेश करने तथा धारा 49 को विलोपित करने हेतु जरूरी कार्यवाही करने की मांग किया है।

# भारत विश्व को नई दिशा प्रदान कर रहा : राजनाथ सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली । भारत एक वैश्विक विकास इंजन के रूप में उभर कर आया है और दुनिया को एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की 96वीं वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन में यह कहा। उन्होंने बताया कि भारतीय विकास की कहानी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शक नेतृत्व में एक अरब से अधिक भारतीयों की कड़ी मेहनत और योग्यता का परिणाम है।**



रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की परिवर्तनकारी नीतियों और कार्यक्रमों ने भारतीय विकास की कहानी को बल प्रदान किया है। जिसके विभिन्न पक्ष आज के विश्व को आकार दे रहे हैं। भारत ने प्रतिबद्धता जताई है कि उसका विकास पर्यावरणीय क्षरण की कीमत पर नहीं होगा। उन्होंने कहा, हमने हरित विकास की राह का चयन किया है। हमने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किये। हमने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन बनाया है। हमने स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए पहल की है। हमने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को भी कम कर दिया है ।

इस बात पर जोर देते हुए कि आर्थिक विकास लिंग-भेद से परे होना चाहिए और राजनाथ सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने पहले की उस कहानी को सफ्लतापूर्वक बदल दिया है, जिसमें अर्थव्यवस्था के विकास का श्रेय केवल पुरुषों और पुरुषों के योगदान को दिया जाता था। महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता रही है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि भारत का आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास न केवल पुरुषों के बल पर हो, बल्कि नारी शक्ति पर भी आधारित हो।

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों को गिनाते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा, लड़कियां अब सैनिक स्कूलों में पढ़ रही हैं, जबकि महिला अधिकारियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

अब महिलाओं को लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, युद्धपोतों पर तैनात किया जा रहा है और सीमा पार अग्रिम चौकियों पर तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा, अग्निपथ योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा लड़कियां सशस्त्र बलों में शामिल हो रही हैं।

श्री राजनाथ सिंह ने भारत की विकास गाथा के एक अन्य प्रमुख पहलू पर बताया और कहा कि सरकार ने गतिविधियों को विकेंद्रीकृत करके और उन्हें दूर-दराज के क्षेत्रों तक ले जाकर पूरे देश में विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना जैसे कार्यक्रमों की बात करते हुए उन्होंने कहा, हमने बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से उत्तर-पूर्व के दूरदराज के हिस्सों और छोटे शहरों को मेट्रो शहरों से जोड़ा है और परिणामस्वरूप, सभी क्षेत्र साथ-साथ विकास कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई पहलों और उपलब्धियों को भी सूचीबद्ध किया। हमने सड़कों, हवाई अड्डों और रेलवे में बुनियादी ढांचे के विकास को प्रोत्साहित किया। वर्ष 2014 तक, भारत में 91,000 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग थे; आज ये बढ़कर लगभग 1.5 लाख किलोमीटर हो गये है। जहां वर्ष 2014 में भारत में केवल 74 हवाई अड्डे थे, वहीं आज यह संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा, पीएम गति शक्ति योजना और राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन के माध्यम से, हमने देश में 100 लाख करोड़ रुपये तक के बुनियादी ढांचे के विकास की योजना बनाई है ।

# रात को रेलवे ट्रैक पर पहुंच जाते हैं हाथी रोकनी पड़ रही है कोयला रैक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल की छाल रेंज में एक माह से 67 हाथियों ने डेरा डाला हुआ है। बोजिया के बड़ा तालाब के आसपास ही हाथी एक साथ रहते हैं। दिन ढलते ही हाथी अलग-अलग झुंड में इधर-उधर विचरण करने लगते हैं। ज्यादातर हाथी पुसल्दा एडू में ही घूम रहे हैं। यहां कोल ट्रांसपोर्टिंग के लिए रेल लाइन भी है । हाथियों को दुर्घटना से बचाने के लिए कई बार रात को ट्रेनें रोकनी पड़ रही हैं। वन विभाग हालांकि मुनादी करा कर लोगों को सचेत कर रहा है लेकिन धान कटाई का मौसम होने के कारण ग्रामीण बाहर जाते हैं। काम के बाद आसपास से लौटने वाले दहशत में हैं। बड़ी संख्या में हाथियों के डेरा जमाने के कारण उन्हें खदेड़ना भी मुश्किल है।

खेदापाली से पुसल्दा मार्ग लोगों के आने-जाने का मुख्य मार्ग है। एडू से खेदापाली भी मुख्य मार्ग है। जहाँ लोगों का आना-जाना लगा रहता है। अभी छाल से खरसिया मुख्य मार्ग ख़राब होने एवं धूल से बचने के कारण स्थानीय ग्रामीण छाल से खरसिया के लिए नवापारा, खेदापाली, पुसल्दा, बरभौना, गुरदा मार्ग का उपयोग कर रहे हैं । हाथियों का विचरण हो रहा है वन विभाग एक माह से लगातार हाथी कई सुरक्षा एवं ग्रामीणों कई सुरक्षा के लिए प्रयास क्र रहे हैं।

इतने सारे हाथी एक साथ होने से इनका मूवमेंट भी कहीं नही हो रहा है। अभी धान कई फ़सल कुछ बाकी है। अनुमान लगा रहे हैं कि फसल ख़त्म होने के बाद इस ओर से रवाना हो सकते हैं।



### खतरे की अनदेखी

भीड़ लगा रहे ग्रामीण सुबह-दोपहर को बड़ा तालाब के पास हाथियों के झुंड के पहुंचने पर ग्रामीणों की भीड़ लग रही है। वन कर्मियों के मुताबिक ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है लेकिन लोगो मान नहीं रहे हैं। लोगों की भीड़ देखकर हाथी कभी भी उग्र हो सकते हैं। वन विभाग कर्मी लोगों को शोर न करने और हाथियों के आसपास न जाने की लगातार सलाह दे रहे हैं।

## मानवाधिकारों के प्रसार के लिए बुनियादी ढांचागत विकास आवश्यक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मानवाधिकारों के प्रसार और सशक्तिकरण के लिए देश में व्यापक ढांचागत विकास काफी आवश्यक है। श्री धनखड़ ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस पर सभा को संबोधित करते हुए कहा, मानवाधिकार उस समाज में बढ़ते हैं जहां कानून में समानता है और सभी के लिए न्याय तक पहुंच है।

इस अवसर पर मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ भी मनाई गई।



उपराष्ट्रपति ने कहा, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और कानून हमेशा ऊपर होता है, जो देश में नया मानदंड है। यह एक आदर्श बदलाव है जो देश में मानवाधिकारों को बढ़ावा देने का एक अभिन्न पहलू है।

श्री धनखड़ ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेह शासन वर्तमान व्यवस्था में एक नया मानदंड है तथा यह मानवाधिकारों को बढ़ावा देने में एक गेम-चेंजर है। उन्होंने कहा कि पहले शासन प्रणाली में पारदर्शिता की कमी के कारण गरीब और कमजोर लोग वास्तविक पीड़ित हैं।






















## खास खबर



### बिलासपुर में 5 लाख की लूटः ठेकेदार को कार में बैठाकर ले गए बदमाश फिर पिटाई कर लूटे रुपए, 2 आरोपियों से 1.70 लाख बरामद

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में ठेकेदार को लिफ्ट देकर कार सवार बदमाशों ने उससे मारपीट कर 5 लाख रुपए लूट लिए। इसके बाद उसे रास्ते में छोड़कर भाग निकले। 11 दिन पुराने इस केस में पुलिस ने 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 1 लाख 70 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

सिटी कोतवाली प्रभारी उत्तम साहू ने बताया कि पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम ओखर निवासी पुरुषोत्तम केंवट (42) लेबर ठेकेदार है। उसने लूट की शिकायत करते हुए बताया कि बीते दिनों वह उत्तरप्रदेश के देवरिया गया था। वहां श्रमिकों को एडवांस देने के लिए 5 लाख रुपए लेकर 27 नवंबर को बिलासपुर आया। इस दौरान पुराने बस स्टैंड के पास पहुंचकर वो पचपेड़ी जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहा था, तभी कार सवार 3 लोग उसके पास आए। उन्होंने ठेकेदार से पचपेड़ी जाने का रास्ता पूछा, तब ठेकेदार ने रास्ता बताकर खुद भी पचपेड़ी जाने की बात कही। इस पर कार सवार लोगों ने ठेकेदार को अपने साथ में बैठा लिया।

#### रास्ते में मारपीट कर लूट लिए पैसे

ठेकेदार ने पुलिस को बताया कि तोरवा चौक होते हुए कार सवार युवकों ने ठेकेदार को महमंद चौक से रायपुर रोड की तरफ ले गए। इस दौरान रास्ते में उसकी जमकर पिटाई की और 5 लाख रुपए लूट लिए। इसके बाद सारधा मोड़ के पास ठेकेदार को छोड़कर भाग गए।

पुलिस ने ठेकेदार की शिकायत पर केस दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान बदमाशों की पहचान कर पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान जांजगीर-चांपा जिले के गिधा के भाठापारा निवासी मन्नू सिंह रात्रे (38) और बलौदाबाजार जिले के गिधौरी के बरेली निवासी नागमणी पटेल (21) को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दिल्ली में काम के दौरान उनकी पहचान दमोह के बड़पार निवासी मिथिलेश अहिरवार (35) हुई थी। कुछ दिन पहले मिथिलेश मन्नू सिंह के गांव आ गया। यहां तीनों मिलकर अलग-अलग जगहों पर लूटपाट करने लगे। उन्होंने 4 जगहों पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया, जिसकी शिकायत थाने में नहीं है। उन्होंने ठेकेदार से भी लूट करना बताया।

### रास्ता रोककर नशेड़ियों ने किया था व्यापारी पर हमला, कार्रवाई की मांग

**धमतरी (ए)।** शहर के व्यापारी योगेश गांधी पर अज्ञात नशेड़ियों ने सिहावा रोड पर दो दिन पहले जानलेवा हमला किया। इस घटना में उसके सिर पर चोट आई। घटना की शिकायत पुलिस ने हुई, लेकिन व्यापारियों पर लगातार हमला होने से चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। रविवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की टीम व्यापारी योगेश गांधी से मुलाकात की।

घटना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी ली। चेंबर के पदाधिकारी कैलाश कुकरेजा, दिनेश रोहरा ने बताया कि शहर के व्यापारी सुरक्षित नहीं है। आए दिन नशेड़ी, बदमाश युवकों द्वारा व्यापारियों को धमकाया और मारपीट की जा रही है। व्यापारी योगेश गांधी पर 2 दिन पहले सिहावा रोड पर हमला हुआ। कुछ देर बाद उसके भाई पर भी हमला किया। यह चिंता का विषय है। पुलिस को चाहिए कि व्यापारियों को सुरक्षित व्यवसाय करने बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की जाए। हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो आगे प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। व्यापारी योगेश गांधी से मुलाकात करने और घटना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी लेने चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी सुनील जैन, रविंदर छाबड़ा, दिनेश रोहरा, भूपेश अंबानी, दिलीपराज सोनी, दिलीप हिरानी, दिलीप सोनी और राजू राखेचा मौजूद थे।

# दुर्ग पुलिस की सफलताः वाहन चोर गिरोह पकड़ाया 11 वाहनों के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस को वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है। अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस ने 11 वाहन जब्त किए हैं जिनकी कीमत 8 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। इनके खिलाफदुर्ग, नेवई, छावनी व भिलाई नगर थानों में शिकायतें दर्ज की गई थी। गिरफ्तार आरोपियों में कैंप 2 निवासी शेख फैजल, आजाद नगर छावनी निवासी अफजल खान व जोन-3 खुर्सीपार निवासी करण चौधरी शामिल हैं।



मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि लगातार चोरी की घटनाओं को देखते हुए क्राइम की टीमों को लगाया गया था। इस दौरान जेल से रिहा हुए आदतन अपराधियों पर भी नजर रखी जा रही थी। इस बीच पुलिस को विशेष सूत्रों से पता चला कि छावनी निवासी शेख फैजल अपने साथी अफजल खान के साथ एक एक्टिवा वाहन को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने शेख फैजल एवं अफजल खान को घेराबंदी कर पकड़ा, प्रारंभिक पूछताछ पर गुमराह करता रहा लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने सारी सच्चाई उगल दी। उसने बताया कि अफजल खान के साथ मिलकर दुर्ग-भिलाई, रायपुर, बेमेतरा क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। चोरी के वाहनों को अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखा गया है। आरोपियों के निशानदेही पर उनके कब्जे से 06 नग मोटर सायकल, 02 नग एक्टिवा वाहन, 01 नग टीव्हीएस एक्सल एवं 01 नग डिलवरी पिकअप वाहन बरामद कर जब्त किया गया।

#### खुर्सीपार से पकड़ाया एक और वाहन चोर

खुर्सीपार पुलिस ने भी एक शातिर वाहन चोर को पकड़ा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जोन 3 खुर्सीपार निवासी करण चौधरी अपने पास चोरी की 01 होण्डा साइन मोटर सायकल रखा है जिसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और पूछताछ में उसने बताया कि उक्त वाहन को उसने प्रिया लॉज पावर हाउस के पास से चोरी किया है। आरोपी के कब्जे से 1 होण्डा साइन मोटर सायकल जब्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग से एएसआई शमित मिश्रा, प्रधान आरक्षक सगीर खान, सत्येन्द्र मढ़रिया, चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक अरविंद मिश्रा, नितिन सिंह, रिन्कू सोनी, गुनित निर्मलकर, राकेश चौधरी, राकेश अन्ना, डी प्रकाश, भावेश पटेल, विक्रांत कुमार की उल्लेखनीय भूमिका रही।

#### मोबाइल बेचते पकड़ाया आरोपी

पुलगांव पुलिस ने मोबाइल चोर को पकड़ा है। 18 सितंबर को डालेश्वर साहू ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस की टीम को लगाया था। इस बीच पुलिस को पता चला कि दीपक भारती उर्फ विक्की मोबाइल बेचने के लिए पोटिया चौक, दुर्ग में ग्राहक की तलाश में घूम रहा है। जिसे टीम द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने 2 माह पहले क्रांती चौक पोटिया कला के एक मकान से 02 नग मोबाईल फोन एवं नगदी रकम चोरी करना स्वीकार किया। 1 मोबाइल फोन रूपेश कुमार कोसरे को बेचने की जानकारी दी है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मोबाइल बरामद किया है।

#### 142 पुडिया ब्राउन शुगर के पकड़ाया युवक

दुर्ग पुलिस ने नशे का सौदा करने वाले बदमाश को धर दबोचा है। पुलिस को सूचना मिली कि स्टेशन रोड सीटी क्लब के सामने एक व्यक्ति भारी मात्रा मादक पदार्थ रखा है और उसे बेच रहा है। सूचना के बाद एसीसीयू एवं थाना मोहन नगर की संयुक्त टीम द्वारा स्टेशन रोड सीटी क्लब के पास यशवंत वेगड नाम के व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पैंट की जेब से 142 पुडिया ब्राउन शुगर बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ22, 27 (ए) व 8 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## दुर्ग जिले से चोरी हुआ था कैमरा बागबाहरा से हुआ बरामद

**महासमुंद।** महासमुंद के आरपीएस फोटोग्राफी के संचालक का 3.6 लाख का कैमरा 1 अप्रैल 2023 को दुर्ग के जलाराम मैरिज पैलेस से चोरी हो गया था। लगभग 8 माह बाद 7 दिसंबर को कैमरा आरोपी के पास से कोमाखान से बरामद किया। इस कार्रवाई के बाद आरोपी को बागबाहरा पुलिस ने दुर्ग पुलिस के हवाले कर दिया है।

बागबाहरा टीआई महेश साहू ने बताया कि महासमुंद के कौशल साहू ने दुर्ग में अपना कैमरा चोरी होने की सूचना दी। पर घटना स्थल दुर्ग होने की वजह से प्रार्थी को दुर्ग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी गई। पीड़ित कौशल साहू के शिकायत के मुताबिक वह अपने स्टाफ के साथ 29 मार्च से 1 अप्रैल 23 तक जलाराम वाटिका भवन मे शादी की शूटिंग में गए थे। दुर्ग में कौशल साहू 31 मार्च को नया डीएसएलआर कैमरा 3.6 लाख रुपए में खरीदा था और उसी कैमरा में रात 3-4 बजे तक शूटिंग करने के बाद कैमरे को बैग में पैक करके, स्टाफ को रेलवे स्टेशन छोड़ने चले गया। 2 स्टाफ और कैमरा होटल में छोड़ कर गया था बाकी स्टाफ को स्टेशन छोड़कर कर वापस आने पर कैमरा बैग में नहीं था। स्टाफसे पूछा तो जानकारी नहीं होना बताया गया। कैमरा गलती से किसी स्टाफ के पास चला गया होगा सोचकर कौशल साहू कोमाखान वापस आ गया। वहां भी कैमरा नहीं मिलने पर दुर्ग थाना में रिपोर्ट किया गया।

## रायपुर एयरपोर्ट पर पकड़ाया एक करोड़ से ज्यादा का सोना, लखनऊ से लेकर पहुंचा था पैसेंजर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के विवेकानंद एयरपोर्ट पर रविवार को एक पैसेंजर के बैग से भारी मात्रा में सोना बरामद किया गया है। पैसेंजर इंडिगों की फ्लाइट से रायपुर पहुंचा था। डीआरआई टीम की जांच में पैसेंजर के पास से सोना बरामद किया गया। बरामद सोने का वजन 2 किलों से ज्यादा बताया जा रहा है जिसकी कीमत 1 करोड़ से ज्यादा है। फिलहाल पैसेंजर से सोना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।





मिली जानकारी के मुताबिक कल सुबह लखनऊ से रायपुर आने वाली इंडिगो फ्लाइट से एक युवक पहुंचा था। समान की जांच पड़ताल में युवक के पास से सोना बरामद हुआ। युवक के पास से करीब 2 किलो सोना जब्त हुआ है, जिसकी कीमत 1 करोड़ से अधिक बताई जा रही है। सूचना के बाद आईटी की टीम भी मौके पर पहुंची। सोना के संबंध में युवक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है।

## दुर्ग पुलिस की बारों में सरप्राइज चेकिंगः 17 टीमों ने एक साथ दी दबिश, संचालकों में मचा हड़कंप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद दुर्ग पुलिस लगातार एक्शन में दिख रही है। यातायात विभाग से लेकर सभी थानों की पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में रविवार की रात को दुर्ग पुलिस के विभिन्न थानों व चौकी की टीमों ने एक साथ शहर के बारों में दबिश दी। अचानक पुलिस को देख बार संचालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान बार संचालकों को समय सीमा का ध्यान रखने व हुक्का पिलाने से बचने का निर्देश दिया गया है।

जिले में संचालित बार व रेस्टोरेंट को लेकर पुलिस के पास कई शिकायतें पहुंच रही थी। समय-सीमा के बाद भी देर रात तक बार खुले रखना जैसे संचालकों की आदम में शुमार हो गया था। इसे देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में जिले के समस्त बारों में सरप्राइस चेकिंग की गई। 17 टीमों के द्वारा एक ही समय पर शहर के नामचीन बारों में छापा मारा गया। इससे बार संचालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस की टीम ने बार का लायसेंस व स्टॉक चेक किया। साथ ही समय सीमा का ध्यान रखने व हुक्का न पिलाने की सख्त हिदायत दी गई।



#### बैठक लेकर दिए निर्देश

बारों में रेड के लिए एसपी राम गोपाल गर्ग के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली गई और उन्हें दिशा निर्देश दिया। एएसपी अभिषेक झा के मार्गदर्शन में रविवार रात 9 बजे से सरप्राइस जांच अभियान चलाया गया, समस्त थाना व चौकी प्रभारी के द्वारा रात 9.30 बजे से चलाए गए अभियान में कुल 17 टीम बनाकर जिले के समस्त बारों में एक साथ चेकिंग की गई। इस अभियान के दौरान राजपत्रित अधिकारी, 17 थाना प्रभारी सहित 100 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। जिन्होंने जिले भर के अलग अलग बारों में एक साथ छापा मार कर समझाइश दिया किया।

#### शहर के इन बारों में पहुंची पुलिस की टीम

दुर्ग पुलिस द्वारा दुर्ग भिलाई में स्थित होटल मार्क, स्टील क्लब, पंजाब बार, होटल लोटस, शिवनाथ कैफेटेरिया, होटल सागर, होटल सम्राट, रॉयल कोर्ट, चिली पेपर, होटल इंद्रलोक, होटल अमित इंटरनेशन, गोल्डन बार, मधुबन बार , ब्लू हेवन बार, जलतरंग बार, मेघदूत बार, होटल किंग्सफोर्ट आदि बारो में जा कर चेक किया गया। चेक करने पर बार का लायसेंस एवम स्टॉक का निरीक्षण कर समय सीमा का ध्यान रखने व हुक्का न पिलाने की हिदायत दी गई। एसपी रामगोपाल गर्ग ने स्पष्ट किया है कि सरप्राइज जांच अभियान समय समय पर जारी रहेगा।

### राजधानी में मामूली बात पर युवक की हत्या

## अंडा खिलाने से मना किया तो कर दिया मर्डर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया है। मामूली सी बात पर युवक ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। हत्या के बाद वह फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इससे पहले की पुलिस आरोपी तक पहुंचती डर के मारे वह खुद थाने पहुंच गया। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात करीब 9 बजे की है। तोरला गांव निवासी अनिकेत उर्फ सोनू यादव और रोशन साहू के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हुआ। दरअसल रोशन साहू गांव के बस स्टैंड तिराहे पर अंडे की दुकान चलाता था। रोशन साहू ने सोनू यादव से कुछ महीने पहले एक हजार रुपए उधार लिया था। सोनू यादव पहुंचा और अपने रुपए मांगने लगा। तब रोशन साहू ने कहा कि कुछ दिन बाद लौटा देगा। इसके बाद सोनू यादव ने रोशन साहू से अंडा खिलाने कहा। रोशन साहू ने उसे अंडा खिलाने से भी मना कर दिया

रुपए नहीं लौटाने व अंडा नहीं खिलाने से नाराज सोनू यादव ने गालीगलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों के बीच झगड़ा बढ़ गया। इस बीच सोनू यादव ने अंडा दुकान में रखे चाकू से रोशन साहू के गर्दन और सीने में वार कर दिया। इससे रोशन साहू लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। यह देख सोनू यादव फरार हो गया। आसपास के लोगों ने गोबरा नवापारा पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में नवापारा थाने की टीम आरोपी की धड़पकड़ के लिए रवाना हुई। पुलिस की खोजबीन से डरकर सोनू यादव ने खुद की सरेंडर कर दिया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### अदबी नशिस्त में नवाजे गए कोरी और नारंग, आईना-ए-अदब की काव्य गोष्ठी व सम्मान

**भिलाई।** आईना-ए-अदब तंजीम भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में एक नशिस्त (काव्य गोष्ठी) और सम्मान समारोह का आयोजन 9 दिसंबर को शायर मोहम्मद अबू तारिक के कोहका स्थित निवास में किया गया। इसमें हजल गो शायर रामबरन कोरी कशिश भिलाई नगर और उर्दू अदब से जुड़े गजलकार आलोक नारंग दुर्ग का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कला परंपरा के अध्यक्ष डॉक्टर डीपी देशमुख,अफ्साना निगार शायर रौनक जमाल और साहित्य सृजन परिषद भिलाई के अध्यक्ष एनएल मौर्य विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन में शायर रौनक जमाल बताया कि उन्हें अमेरिका से मानद उपाधि का सम्मान मिला है और जल्द ही वह अमेरिका जा रहे हैं। इस पर उपस्थित लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी। डॉक्टर डीपी देशमुख ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचना का पाठ किया। इस मौके पर रायपुर, राजनांदगांव और दुर्ग से आए साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इनमें एलएन मौर्य, आशा झा, एजाज बशर, इस्माइल आजाद, मुमताज, हाजी ताहिर खान, रौनक जमाल, असलम खान, टीएन कुशवाहा, अंजन कुमार, शचि भवि, मोहम्मद हुसैन, सरवर आलम, अजहर अली, इस्माइल आजाद, रियाज खान गौहर, जितेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, सुशील यादव, ललिता कोरी, नेहा जयसवाल, डॉक्टर यशवंत, यश सूर्यवंशी, सोनिया सोनी, संध्या जैन, आशा झा, राजकुमार चौधरी, सरवर, सुल्तान और नावेद राजा दुर्गवी सहित अन्य ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।

### निगम क्षेत्र में दो दिवस बंद रहेगा मांस मटन बिक्री

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार इस माह को पड़ने वाले महापुरूषों के जयंती पर निगम क्षेत्र में पशुवध, गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्रो को बंद रखने कहा गया है। पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग छ.ग. शासन द्वारा जारी परिपत्र के अनुपालन में नगर पालिक निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश प्रसारित कर इस माह पड़ने वाले गुरू घासीदस जयंती 18 दिसम्बर एवं संत तरण तारण जयंती 19 दिसम्बर को पशुवध तथा मांस मटन बिक्री केन्द्रो में तथा खुले मे प्रतिबंधित किया गया है ।

### छात्रों को ट्रैफिक नियमों का प्रशिक्षण दिया गया

**भिलाई।** यातायात पुलिस के डीएसपी ने स्कूली छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियमों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही आह्वान किया कि वे अपने परिजन, मित्र, पड़ोसी एवं रिश्तेदारों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की बेहिचक मदद करें कर उसकी जान बचाते हुये एक अच्छे गुड सेमिरिटन की भूमिका निभाएं। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि ई रोड इनजीनियरिंग,ई एजुकेशन इसके अंतर्गत पैदल चलने के नियम, रोड मार्किंग, रोड साइन बोर्ड एवं वाहन चलाने के नियम,ई इन्फोर्समेंट इसके अंतर्गत पुलिस द्वारा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के ऊपर कार्रवाई करना व ई इमरजेंसी केयर इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उपचार किया जाना आता है। साथ ही साथ सड़क में घायल व्यक्ति की मदद करने के लिए शासन ने जारी किये गये गुड सेमेरिटन की जानकारी दी गई।

# विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में हर्ष का माहौल-जितेन्द्र वर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व एवं विधायक दल द्वारा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में जमकर आतिशबाजियां करते हुए मिठाइयां बांटी गई, इससे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की और उन्हें दुर्ग जिला भाजपा परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। ज्ञातव्य हो कि प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए विष्णुदेव साय ने ही जितेन्द्र वर्मा को दुर्ग जिला अध्यक्ष नियुक्त किया था।



जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि आदिवासी परिवार में जन्मे साधारण किसान परिवार के विष्णुदेव साय ने अपने गांव बगिया से पंच पद से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करके सरपंच, चार बार विधायक, तीन बार सांसद, केंद्रीय राज्य मंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य जैसे पदों को सुशोभित किया है। सरल, सहज, शांत और सौम्य व्यक्तित्व के विष्णुदेव साय की मुख्यमंत्री के रूप में हुई नियुक्ति से भाजपा के साधारण कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ा है।

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ और अनुभवी आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को प्रदेश के सर्वोच्च पद पर नियुक्त करने पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज ने भाजपा को अपना एकतरफा समर्थन दिया है।

इसके बाद विष्णुदेव साय जैसे वरिष्ठ आदिवासी नेता को छत्तीसगढ़ की कमान देकर आदिवासी समाज का भाजपा ने सम्मान किया है।

जिला भाजपा कार्यालय में जश्न मनाने वाले कार्यकर्ताओं में जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, जिला मंत्री दीपक चोपड़ा, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, राकेश दुग्गड, मंडल अध्यक्ष मदन वाढ़ई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, डॉ. सुनील साहू, चतुर्भुज राठी, डॉ. राहुल गुलाटी, युवा मोर्चा जिला मंत्री रितेश शर्मा, आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कंडरा, अजय ब्रह्मभट्ट, रोमनाथ साहू, गणेश निर्मलकर, डॉ. शरद अग्रवाल, संदीप जैन, मनमोहन शर्मा, नरेश शर्मा, रजा खोखर, धर्मेंद्र यादव, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, अरुण सिंह, द्वारिका साहू, संजय बोहरा, रितेश शर्मा, लक्ष्मी ठाकुर, अबीर गोयल, शीतल जांगिड़, शारदा यादव, रोशनी चंद्राकर, भास्कर तिवारी, राहुल कुमावत, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, रितेश जैन, तनय बिहारी, इकराम कुरैशी, ईश्वर देवांगन, चंद्रप्रकाश मेश्राम, निशिकांत मिश्रा, विष्णु साहू, मुरली सचदेव, पंकज खरिया, दुष्यंत साहू, राहुल सिंह, उदय पाल, मलखान सिंह लोधी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सीएम बनने पर विष्णुदेव साय को दी बधाई



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री के रूप विष्णुदेव साय को चुना गया है। रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद सीएम के नाम का ऐलान किया गया। केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल व दुष्यंत गौतम ने विधायक दल की बैठक ली जिसमें विष्णुदेव साय को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। विष्णुदेव साय के सीएम बनने के बाद दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने उन्हें बधाई दी। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेवसाय से मिलकर ललित चंद्राकर ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से जुड़ी समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सीएम के रूप में विष्णुदेव साय को सर्वसम्मति से चुना गया है। उनके नेतृत्व में प्रदेश को विकास के पथ पर ले जाने का प्रयास करेंगे। चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटियां दी है उसे पूरा करेंगे। ललित चंद्राकर ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार सबके विश्वास पर खरा उतरेगी। प्रदेश में रोजगार से लेकर महिला सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सीएम बनने के बाद विष्णुदेव साय जी को बधाई देते हुए उनके सामने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा को लेकर चर्चा की गई। विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास को लेकर सार्थक चर्चा की गई।

### विष्णुदेव के सीएम बनने पर भिलाई में जश्न, दया सिंह के नेतृत्व में श्रीराम चौक खुर्सीपार में होगी भव्य आतिशबाजी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बन गए हैं। आदिवासी समाज से भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाया है। भाजपा नेता, उप नेता प्रतिपक्ष व बोल बम सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने कहा कि, विष्णुदेव साय का भिलाई से गहरा नाता रहा है। वे हर साल सावन सोमवार के अवसर पर राजराजेश्वरी मंदिर आते हैं और विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। मुख्यमंत्री बनने की खुशी के अवसर पर श्रीराम चौक में श्रीराम जी की पूजा होगी। इसके बाद खुशियों के दीपक जलाए जाएंगे और उसके बाद भव्य आतिशबाजी होगी। दया सिंह ने बताया कि विष्णुदेव साय को सीएम बनाए जाने के बाद भाजपा का हर एक कार्यकर्ता जश्न में डूबा हुआ है। पांच साल कांग्रेस के कुशासन से प्रदेश को मुक्ति मिली और अब भाजपा का सुशासन आएगा। दया सिंह ने बताया कि विष्णुदेव साय के सीएम बनने की खुशी में श्रीराम चौक खुर्सीपार में शाम शाम 6 बजे कार्यक्रम होगा। इसमें भाजपा कार्यकर्ता, बोल बम सेवा समिति के कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहेंगे। दया सिंह ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि सभी इस कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाएं।



# साहू समाज के 200 युवाओं ने मंच पर दिया परिचय, उत्कृष्ट इकाई व सदस्यों का सम्मान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** साहू मित्र सभा भिलाई द्वारा साहू संस्कृतिक सदन सुपेला में समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर लगभग 200 युवक-युवतियों ने मंच पर अपना परिचय दिया। खुर्सीपार, सेक्टर-5, कोहका की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इससे पहले मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मंच पर परिचय देने में युवाओं की कमी पर चिंता जताई। अतिविशिष्ट अतिथि छग प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने समाज को कुरीतियों से बचाने का आह्वान किया।समाज के विवाह योग्य युवाओं की परिचायिका का विमोचन किया गया। समारोह में समाजश्री सम्मान श्यामलाल साहू को, उत्कृष्ट इकाई का सम्मान कोहका को, उत्कृष्ट पुरुष गुलाब सिंह साहू, उत्कृष्ट महिला का सम्मान अन्नपूर्णा साहू को दिया गया। विशेष सम्मान के तहत मनोज साहू, डॉ. शैलेंद्र साहू, हेमा साहू, सूरज साहू को सम्मानित किया गया। सभा को सहित भिलाई जिलाध्यक्ष हरिद्वारिका साहू, तुलसी साहू, दीपक ताराचंद साहू, निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, विजय साहू, एमके साहू, तोरण अटल आदि उपस्थित थे। समाज की परिचायिका का विमोचन हुआ, जिसमें 566 युवाओं का बायोडाटा है।

### संत ज्ञानेश्वर का समाधी उत्सव शुरू

**भिलाई।** संत सेवा समिति भिलाई नगर द्वारा संत ज्ञानेश्वर माऊली संजीवन समाधी उत्सव का आयोजन 10 दिसंबर से किया गया है। यह उत्सव 12 दिसंबर तक चलेगा। पहले दिन संत ज्ञानेश्वर की पुण्यतिथि पर सड़क-2, सेक्टर-1 में भक्तों ने सामूहिक रूप से हरिपाठ और भजन कीर्तन किया गया। इसके बाद 11 व 12 दिसंबर को सुबह 9 से 10 बजे तक पंचपदी भजन और सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक हरिपाठ कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को शाम 6 से 8 बजे तक पालकी शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

क्रिश्चियन समुदाय द्वारा निकाली गई क्रिसमस वेलकम महारेली

# बच्चे, युवा एवं समाज के लोगों ने झूमते नाचते गाते उत्साह के साथ क्रिसमस के आगमन का संदेश दिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई मसीही समुदाय द्वारा यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल के तत्वावधान में क्रिसमस वेलकम महारेली निकली गई। यह रैली दोपहर 02 बजे भिलाई के सेक्टर 01 मुर्गा चौक से शुरू होकर सेंट्रल एवेन्यू होते हुए हॉस्पिटल सेक्टर के ईस्टर ग्राउंड में शाम 09 बजे समाप्त हुई। जहां क्रिसमस के स्वागत की तैयारी से संबंधित नृत्य-गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रैली में विभिन्न प्रकार की झांकी एवं छत्तीसगढ़ मसीह लोक संगीत के द्वारा यीशु मसीह के संदेश को प्रदर्शित किया गया। रैली में विशेष रूप से दुर्ग भिलाई के गिरजाघर एवं सामाजिक संस्थाएं, बिशप, पास्टर्स, पल्लीपुरोहित, सभी संगठनो के अधिकारीगण, दुर्ग भिलाई के सभी फेलोशिप के लीडर्स शामिल हुए, साथ ही उतई, जामुल, बालोद, बेमेतरा, राजनंदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ से इस महारैली में शामिल होने के लिए मसीही समाज के लोग एकत्रित हुए। इस दौरान जगह-जगह विभिन्न



जनप्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक रैली का स्वागत किया, जिनमे प्रमुख रूप से सिविक सेंटर चौक में यू विधायक देवेंद्र यादव, सेक्टर-10 शांति बेकरी चौक में नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य विभिन्न समाज के प्रमुख लोगों ने रैली का स्वागत किया एवं क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

रैली में हजारों की संख्या में बच्चे, युवा एवं समाज के लोगों ने झूमते नाचते गाते उत्साह के साथ क्रिसमस के आगमन का संदेश दिया कि यीशु मसीह का जन्म इस जगत में मानव जाति के उद्धार के लिए मनुष्य को अनंत जीवन का मार्ग दिखाने के लिए आया, यही प्रेम का शुभ संदेश दिया गया। और सभी 25 दिसंबर को आने वाले क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

#### देश के उन्नति के लिए मांगी दुआ

रैली के स्वागत के लिए प्रत्येक चौक चौराहे पर विभिन्न चर्च के छोटे-छोटे बच्चे हाथों में तख्तियां लिए हुए जिनमे हुए बाइबल के संदेशों को लिखा हुआ था खड़े थे। जहां चर्च के पास्टर्स ने भिलाई, छत्तीसगढ़ एवं देश में शांति, सद्भाव व प्रेम के साथ देश उन्नति के शिखर पर पहुंचे महामारी व बीमारियों से देश को बचाने की दुआ मांगी गई।

इस रैली में दुर्ग भिलाई के फैलोशिप के अंतर्गत आने वाले 150 से ज्यादा गिरजाघरों के 10,000 से ज्यादा लोगों के शामिल हुए। जिसमे संयुक्त ईसाई परिषद, एपिस्कोपल चर्च फ़ेलोशिप, कैथोलिक चर्च, दुर्ग-भिलाई सीरियाई ऑर्थोडॉक्स चर्च दुर्ग-भिलाई मार्थोमा चर्च भिलाई, क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6, बैपटिस्ट चर्च सेक्टर 6मेनोनाइट चर्च सेक्टर 9, भिलाई दुर्ग पादरी एवं नेता फेलोशिप, छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फेलोशिप, सीजी राज्य मसीही समाज संघ वेफेयर सोसायटी, सीसीएफ युवा सभा, यूसीसी युवा सभा, भिलाई-3 पास्टर्स फ़ेलोशिप, एपिस्कोपल रिवाइवल इंटरनेशनल डायोसीज़, तेलुगु पादरी फ़ेलोशिप, सीजी अल्पसंख्यक उड़िया मसीह समाज, ग्रामीण पादरी फ़ेलोशिप, सार्वभौम सुसमाचार मिशन, उत्तल पादरी फैलोशिप, भिलाई और दुर्ग सभी मेन लाइन चर्च सहित दुर्ग भिलाई के सभी गिरजाघरों सदस्य शामिल रहे।

# नि:शक्त बच्चों ने लगाई दौड़, सपनों के रंग भरे कैनवास पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से रविवार को आयोजित वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' में भिलाई-दुर्ग सहित अंचल के विभिन्न जिलों के 13 स्कूलों के 400 से ज्यादा बच्चों ने खूब दौड़ लगाई और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। वहीं अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए बच्चों ने कैनवास पर अपनी कल्पना को रंग भर कर अतिथियों से खूब शाबाशी बटोरी।



भिलाई निवास के सामने स्थित मैदान में सुबह से शुरू हुए आयोजन में इन नि:शक्त बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न हस्तशिल्प के स्टॉल भी लगे थे। जहां सुबह से शाम तक पहुंचे तमाम अतिथियों ने खूब खरीदारी की और इन बच्चों की हौसला अफ्जाई की।

सुबह की बच्चों की खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर किया। अपने संबोधन में दासगुप्ता ने कहा कि इन विशेष बच्चों को दया की जरूरत नहीं है बल्कि इन्हें जीवन सिर्फ प्रोत्साहन चाहिए। अगर इन बच्चों को लगातार प्रोत्साहन मिले तो ये सामान्य बच्चों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंची केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की डीआईजी प्रतिभा अग्रवाल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इन बच्चों को प्रोत्साहित करने का अवसर मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि दुर्ग जिले के एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि जीई फाउंडेशन जैसे मंच इन विशेष बच्चों की प्रतिभा को नया आकाश दे सकते हैं। इस आयोजन में मुख्य रूप से मुस्कान, प्रगति,नवजीवन, नयनदीप, मानवता, ब्राइट स्नेह संपदा, प्रेरणा दिव्य ज्योति, सार्थक कदम, अभिनव कौशल रिहैबिलिटेशन सेंटर सृजन फाउंडेशन और प्रयास भिलाई से, अभिलाषा राजनांदगांव, धमतरी से सार्थक कदम, आकांक्षा रायपुर और समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग से 400 से ज्यादा नि:शक्त बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दी।

खेल प्रतियोगिताओं के अलावा इस बार आयोजन में इन बच्चों के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता भी रखी गई। जिसमें सभी नि:शक्त बच्चों ने अपनी कल्पना को कैनवास पर नए रंग दिए। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने कहा कि इन बच्चों की सभी पेंटिंग की प्रदर्शनी जल्द ही नेहरू आर्ट गैलेरी में लगाई जाएगी और वहां इन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

आयोजन में दिन कई विशिष्ट अतिथि पहुंचे और इन बच्चों को प्रोत्साहित किया। इनमें डीआईजी एसएसएबी थामस चाको, ईडी माइंस रावघाट समीर स्वरूप, ईडी पीएंडए पवन कुमार, सीजीएम रिफ्रैक्ट्री सुधीर कुमार, बीएसपी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रविंद्रनाथ एम. सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, महासचिव ओए परविंदर सिंह, सेंट थॉमस आश्रम के रेव्ह फादर रमबान, हीरा ग्रुप के डायरेक्टर विनोद पिल्लई, जीएम एसआरएम तनमय सेन, जीएम एसएमएस-3 यतेंद्र कुमार, जीएम आरईडी प्रशांत साहा और युवा नेता मनीष पांडेय व श्रीमती विनिता पांडेय ने सभी बच्चों से मुलाकात की और उनके बनाए हस्तशिल्प के सामान को खरीदा। इसके पहले स्वागत भाषण जीई फाउंडेशन की अनुपमा मेश्राम ने दिया।

आयोजन को सफल बनाने में जीई फाउंडेशन से सुभागा सुरेश, मृदुला शुक्ला, डॉक्टर ज्योति पिल्लई, अनुपमा मेश्राम, प्रकाश देशमुख, स्वाति पंडवार, योगिता साहू ,लवीना देवांगन, मोनिका सिंह, डॉक्टर जयश्री नागरे, प्रतिभा पटेल, संजय मिश्रा,के. वी. विनोद, जावेद खान, मनीष टावरी, उमेश पटेल, श्रेयांश एस कुमार, आदर्श नायर और विष्णु आनंद सहित सभी सदस्यों का योगदान रहा। समूचे कार्यक्रम का संचालन सत्यवान नायक ने और आभार प्रदर्शन स्वाति बारीक ने किया।

# गर्ल्स कॉलेज की डिलेश्वरी एवं धनु ने जीते स्वर्ण पदक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने इंटर कॉलेज तैराकी प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्षन करते हुए 06 पदक जीते। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय शंकराचार्य महाविद्यालय में अन्तर महाविद्यालयीन तैराकी प्रतियागिता का आयोजन किया गया था। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा कु. डिलेष्वरी ने श्रेष्ठ प्रदर्षन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। उन्होनें 50 मीटर बैंक स्ट्रोक, 100 मीटर की फ्री स्टाईल, 200 मीटर की फ्री स्टाईल में सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीते। महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कु. धनु ने 2 स्वर्ण पदक और 01 रजत पदक जीता। उन्होनें 200 मीटर आई.एम. एवं 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक एवं 100 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक जीत कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उपरोक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन स्वीमिंग प्रतियोगिता हेतु हुआ। यह प्रतियोगिता दिनांक 21 से 23 दिसम्बर 2023 को कलिंगा युनिवर्सिटी ऑफ सोषलसाईन्सेस भुवनेष्वर में आयोजित होगी।

छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द तिवारी, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. सुषमा यादव एवं महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950